उज्जैन
बुधवार
07
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-66
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



रोमाटिक-कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं दीपिका पादुकोण
बोलीं- मैं और मेरी टीम इसकी तलाश में
रणवीर सिंह के साथ जोड़ी बनते देखना चाहते फैंस

पेज- 8

# दिल्ली में आधी रात पुलिस-एमसीडी टीम पर पत्थरबाजी

## मस्जिद के पास अवैध निर्माण हटाने पहुंची थी, आंसू गैस के गोले छोड़े, पुलिसकर्मी-अधिकारी घायल

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

दिल्ली में रामलीला मैदान के पास मस्जिद और कब्रिस्तान से सटी जमीन से 6 जनवरी की देर रात करीब 1 बजे अतिक्रमण हटाया गया। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर एमसीडी ने 17 बुलडोजर से यहां बने बारात घर, डायग्नोस्टिक सेंटर, दुकानों को ढहाया।

तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास जब इस कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा था, तब भीड़ ने कर्मचारियों और पुलिस पर पथराव किया। भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ कर कार्रवाई रोकने पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर उसे खदेड़ दिया।

सेंट्रल रेंज के जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस मधुर वर्मा ने कहा कि हालात कंट्रोल में हैं। पूरे इलाके को 9 जोन में बांटा गया है। हर जोन की जिम्मेदारी एडीसीपी स्तर के अधिकारी को दी गई। संवेदनशील जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। वीडियो के जरिए पत्थरबाजों की पहचान की जाएगी।

वहीं डीसीपी निधिन वलसन ने कहा कि एमसीडी ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की, जो अभी भी जारी है। भीड़ की पत्थरबाजी में 4-5 अधिकारियों को मामूली चोटें आई हैं।



### यह है पूरा मामला

- फैज-ए-इलाही मस्जिद की प्रबंधन समिति ने दिल्ली एमसीडी के 22 दिसंबर 2025 के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इसमें कहा गया कि मस्जिद के बाहर की 0.195 एकड़ जमीन पर बने ढांचे अवैध हैं। उन्हें हटाया जाएगा।
- एमसीडी का कहना है कि अतिरिक्त जमीन पर मालिकाना या वैध कब्जे के दस्तावेज पेश नहीं किए गए हैं। एमसीडी का यह आदेश 12 नवंबर 2025 को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के निर्देशों के आधार पर जारी किया गया था।
- डिवीजन बेंच के आदेश में तुर्कमान गेट के पास रामलीला ग्राउंड से करीब 38,940 वर्ग फुट अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, जिसमें सड़क, फुटपाथ, बारात घर, पार्किंग और एक निजी क्लिनिक शामिल हैं।
- मस्जिद समिति का कहना है कि यह जमीन वक्फ संपत्ति है। वह इसके लिए वक्फ बोर्ड को लीज किराया देती है। हमें अतिक्रमण हटाने पर आपत्ति नहीं है। बारात घर और क्लिनिक का संचालन बंद किया जा चुका है। मुख्य आपत्ति कब्रिस्तान को लेकर है।

## सोनिया गांधी की अचानक तबीयत हुई खराब, सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को तबीयत खराब होने के चलते दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद अस्पताल ले जाया गया था। फिलहाल उन्हें चेस्ट फिजिशियन की निगरानी में रखा गया है। सर गंगा राम अस्पताल ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि सोनिया गांधी को सोमवार रात करीब 10 बजे अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ। अजय स्वरूप ने कहा कि जांच में पाया गया कि ठंड और प्रदूषण के कारण उनका ब्रॉन्कियल अस्थमा हल्का बढ़ गया था। एहतियातन उन्हें आगे की निगरानी और उपचार के लिए भर्ती किया गया।



## ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी फर्म का दावा- पाकिस्तान कांप गया था

**नई दिल्ली।** अमेरिका के फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान कांप गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिए लॉबिंग की थी। इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था। एफएआरए के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन कॉल, वन-टु-वन बैठकों के जरिए अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं।

## ट्रम्प बोले- मोदी मेरे अच्छे दोस्त, लेकिन मुझसे खुश नहीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वॉशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ट्रम्प ने यह बात मंगलवार को वॉशिंगटन में हाउस रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों की बैठक में कही। ट्रम्प ने यह भी कहा- पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं और मैंने कहा- हां। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि यह सारी बातचीत कब और कहां हुई। ट्रम्प ने कहा- अपाचे हेलिकॉप्टर की वजह से भारत कई सालों से मेरे पास आ रहा था।



## वेनेजुएला के हालात पर चिंता जताई, बातचीत से समस्या का हल निकालें


**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने वेनेजुएला के हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं। इस समय सभी पक्षों को ऐसा हल निकालना चाहिए जो वहां के लोगों के हित में हो। लक्जमबर्ग में एक फोरम में जयशंकर ने कहा हम वेनेजुएला में हो रहे घटनाक्रम को लेकर चिंतित हैं। यह एक ऐसा देश है जिसके साथ हमारे बहुत अच्छे रिश्ते हैं। हम सभी पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे लोगों के हित में एक समाधान पर पहुंचें। भारत ने साथ ही क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों से संवाद और शांतिपूर्ण समाधान अपनाने की भी अपील की है।

## 8 राज्यों में पारा 5 डिग्री से नीचे

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों की तरफ चली रही सर्द हवाओं से पूरे देश में तापमान में गिरावट आई है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

इन राज्यों के कई जिलों में घना कोहरा छाया है, जिसके कारण 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। स्कूलों का टाइम भी बदला है। यूपी में 20 फ्लाइट्स और 100 ट्रेनें लेट चल रही हैं। जयपुर में आज विजिबिलिटी जीरो है, इसके कारण 8 फ्लाइट देरी से चल रही हैं।



मध्य प्रदेश के भोपाल में जनवरी की सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां मंगलवार को 3.8 डिग्री तापमान रहा। बुधवार को छिंदवाड़ा में 2 डिग्री तापामान रहा। दमोह, गुना, मुरैना में ओस जम गई। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी होने से एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। अगले 15 दिन भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है।

### कांग्रेस ने मोदी-ट्रम्प का एआई वीडियो पोस्ट किया, मोदी के डर का खामियाजा देश भुगत रहा

## कांग्रेस नेता बोले- क्या ट्रम्प पीएम को किडनैप करेंगे

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

कांग्रेस ने मंगलवार को पीएम मोदी और ट्रम्प का 43 सेकेंड का अक जनरेटेड वीडियो एक्स पर पोस्ट किया। कैप्शन में लिखा है, 'मोदी के डर का खामियाजा देश भुगत रहा है।' वीडियो में मोदी और ट्रम्प को कॉल पर बात करते हुए दिखाया गया है। पीएम, ट्रम्प से बोलते है कि जैसा-जैसा आप बोलेंगे मैं वैसा-वैसा करूंगा।

कांग्रेस के वीडियो की पूरी स्क्रिप्ट वीडियो की शुरूआत में मोदी, ट्रम्प को कॉल लगाते हुए बोलते है- हैलो, ट्रम्प जी, कैसे हो आप जवाब में ट्रम्प बोलते है- मोदी मैं तुमसे नाराज हूं।



**मोदी-** लेकिन ट्रम्प आप नाराज क्यों हैं? जैसा-जैसा आपने बोला मैंने वैसा ही किया... सीजफायर कराया, रूस से तेल लेना कम कर दिया।

**ट्रम्प-** तुम जानते हो मुझे खुश करना तुम्हारे लिए कितना जरूरी है। अगर तुमने मेरी बात नहीं मानी, तो मैं टैरिफ बढ़ा दूंगा।

**मोदी-** नहीं मालिक जैसा-जैसा बोलेंगे मैं वैसा-वैसा करूंगा। जनता पर बोझ लाद दूंगा। बस आप मुझसे खुश हो जाएं और कुछ नहीं चाहिए।

**ट्रम्प ने कहा-** वे मुझे खुश करना चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वह जानते थे कि मैं खुश नहीं था, इसलिए मुझे खुश करना जरूरी था। हम व्यापार करते हैं और उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं।

### नेता प्रतिपक्ष सिंघार का इंदौर महापौर भार्गव पर आरोप

## महापौर कार्यालय में नोट गिनने की मशीन लगी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के भागीरथपुरा में हुई 17 मौतों के बाद मंगलवार को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा सहित कई कांग्रेस नेता पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। मुलाकात के बाद नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने मीडिया से चर्चा करते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर गंभीर आरोप लगाए।

सिंघार ने आरोप लगाते हुए कहा कि महापौर के कार्यालय में नोट गिनने की मशीन रखी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने भागीरथपुरा वार्ड क्रमांक-11 में पेयजल में सीवेज मिलने से उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य संकट को लेकर भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं बल्कि लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक लापरवाही, देरी और असंवेदनशील शासन व्यवस्था का परिणाम है।

**जल-प्रदूषण कांड बीजेपी की संवेदनहीनता का परिणाम**



### महापौर की जो संवेदनशीलता होनी चाहिए वो नहीं

मीडिया से चर्चा करते हुए उमंग सिंघार ने कहा कि यहां की जनता ने हमेशा भाजपा को समर्थन दिया है। विधायक बने, पार्षद बने, महापौर बने। लेकिन मैं पुष्यमित्र भार्गव को जनता का महापौर नहीं कह सकता, वे पर्ची वाले महापौर हैं। इस मामले में जिस प्रकार की संवेदनशीलता होनी चाहिए थी, वह दिखाई नहीं देती। मुझे जानकारी मिली है कि उनके कार्यालय में नोट गिनने की मशीन लगी हुई है। सवाल यह है कि नोट गिनने की मशीन क्यों लगी है? क्या ठेकेदारों से नगद पैसा लिया जाता है, इसलिए मशीन रखी गई है, या फिर इसके पीछे कोई और कारण है? इसके साथ ही सिंघार ने इंदौर में दूषित पेयजल, ट्रैफिक अव्यवस्था और नगर निगम में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आठ बार स्वच्छता का पुरस्कार पाने वाला इंदौर आज जहरीले पानी और बदहाल व्यवस्थाओं का शिकार हो चुका है।

### जल-प्रदूषण कांड भाजपा की संवेदनहीनता का परिणाम

- उमंग सिंघार ने कहा कि यदि इंदौर वास्तव में स्वच्छ होता, तो भागीरथपुरा में सीवेज मिला पानी पीने से लोगों की जान नहीं जाती। दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह से शुरू हुए इस जल-प्रदूषण कांड में अब तक 16 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, सैकड़ों लोग बीमार हैं और हजारों नागरिक प्रभावित हुए हैं।
- उन्होंने इस घटना को आकस्मिक नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक लापरवाही और देरी का परिणाम बताया। सिंघार ने स्पष्ट कहा कि मृतकों के परिजनों को दिए जा रहे दो लाख रुपए किसी भी तरह से पर्याप्त नहीं हैं। यह मुआवजा नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही से बचने का प्रयास है। कांग्रेस की मांग है कि प्रत्येक मृतक के परिजन को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए और पीड़ित मजदूर परिवारों की मजदूरी का भी भुगतान किया जाए।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### होटल-ढाबों पर आबकारी विभाग टीम की दबिश

**उज्जैन।** अवैध शराब परिवहन के साथ होटल-ढाबों पर शराब परोसने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम लगातार अभियान चला रही है। सोमवार-मंगलवार रात टीम ने उज्जैन-तराना तहसील की होटल-ढाबों पर दबिश मारकर चैकिंग की। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि तराना क्षेत्र के फ्रेंडस ढाबा, अपना ढाबा के साथ उज्जैन नगर निगम सीमा के तड़का ढाबा, बाबा ढाबा, स्वागत ढाबा, नानू ढाबा, कालिका ढाबा, मांझी ढाबा पर चैकिंग के दौरान अवैध शराब के मामले सामने आये। रातभर चली चैकिंग में 8 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। जिनके खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1), 36 (ए), 36 (बी) का प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रभारी अधिकारी रंधा के अनुसार आबकारी की अलग-अलग टीम नववर्ष की पूर्व संध्या से लगातार जिले में चैकिंग अभियान चला रही है।

### बैडमिंटन चैंपियनशिप: अद्विका, धैर्या, आदि का मेन ड्रॉ में चयन

**उज्जैन।** नीमच में आयोजित ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में उज्जैन की खिलाड़ी अद्विका सिंह, धैर्या शर्मा और आदि पटवा ने लीग मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन ड्रॉ में अपना स्थान सुनिश्चित किया। सभी खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे सेटों में पराजित कर यह गौरव हासिल किया। अद्विका सिंह और धैर्या शर्मा अभी जूनियर ग्रुप्स की खिलाड़ी है लेकिन अपने दमदार खेल की वजह से सीनियर टूनार्मेंट के मेन ड्रॉ में अपना स्थान पक्का किया है। ये सभी खिलाड़ी विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब महानंदा नगर में कोच योगेश बंदेवार से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इस उपलब्धि के लिए विधायक अनिल जैन कालूहेडा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, दिनेश जाटवा, जितेंद्र मुकाती ने हर्ष जताया।

### गढ़कालिका मंदिर में 56 भोग अर्पित, कन्या-बटुक भोज हुआ



**उज्जैन।** 6 जनवरी को गढ़कालिका मंदिर में 56 भोग अर्पण, विशाल प्रसाद वितरण एवं कन्या तथा बटुक भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महंत टीना नाथ पुजारी एवं वर्तमान गादीपति आदित्यनाथ पुजारी के सान्निध्य में हुआ। आयोजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने मां गढ़कालिका के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता स्वस्थ समाज की नींव- कछवाय

**उज्जैन।** समाज में सभी स्वस्थ रहे, इसी जागरूकता की आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है। गरीब तबका महंगे इलाज से परेशान हैं। नगर के सभी वार्डों में अभियान चलाकर स्वास्थ्य शिविरों लगाए जाएंगे। यह बात भाजपा की नगर जिला मंत्री वर्षा कछवाय ने कही। उन्होंने कहा छोटी मायापुरी में इंदौर के निजी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन क्षेत्र की जनता की मांग पर किया। शिविर के माध्यम से लगभग 600 मरीजों को निःशुल्क उपचार दिया गया। शिविर में वंदना जैन, जितेंद्र बिहानिया, सुनीता शर्मा, तुषार सोलंकी आदि ने सहयोग किया। शिविर में डॉ. आयुष शर्मा, डॉ अंजली पटेल, डॉ. नमन पांडे, रितेश धाकड़, मयंक पांडे, पल्लवी तिवारी, दलप्रीत सिंह ने मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की।

---

### मामला जलसंसाधन मंत्री एवं प्रशासन तक पहुंचा, अभी तालाब में पानी नहीं

# विस्फोट से ग्रामीण घबराए, ईई बोले- सख्त पत्थर हटाए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शिप्रा को प्रवाहमान रखने के लिए सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी प्रोजेक्ट के तहत हाल ही में विस्फोट का सहारा जल संसाधन विभाग ने लिया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीण घबराए हुए हैं और मामला जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट तक पहुंचा है। ग्रामीणों के भय एवं घबराहट से जिला प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है। विभाग के कार्यपालन यंत्री मयंकसिंह का कहना है कि डेम फाउंडेशन में हार्ड राक को तोडने के लिए विस्फोट किया गया है और वह भी सरफेस पर। इससे किसी प्रकार की परेशानी होने का सवाल ही नहीं उठता है।

शिप्रा को सतत प्रवाहमान रखने के लिए सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। इसके तहत सिलारखेड़ी तालाब को गहरा किया जा रहा है और यहां डेम बनाकर उससे शिप्रा में पानी छोड़ने की प्रक्रिया की जाएगी। इस काम को सिंहस्थ पूर्व वर्षाकाल से पहले तक पूरा किया जाना है। वर्तमान में यहां डेम के 6 में से एक 1 गेट निमार्णाधीन है। पंप हाउस के चैंबर के फाउंडेशन का निर्माण कार्य पूर्ण हो कर वॉल निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। इस निर्माण के पूर्ण होने पर सिहंस्थ 2028 में शिप्रा के जल से ही श्रद्धालुओं को स्नान करवाया जाना तय है।



फाइल फोटो

#### कार्यपालन यंत्री बोले अभी तालाब खाली

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री मयंकसिंह के अनुसार डेम के फाउंडेशन एवं पंप हाउस के चैंबर के फाउंडेशन का निर्माण, वॉल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए हमें बड़े पत्थरों को हटाने में विस्फोट का सहारा लेना पड़ा है। अभी तालाब पूरी तरह से खाली है। ऐसे में आसपास के नलकूपों का बंद होना स्वभाविक है। जब डेम भरेगा तो नलकूप स्वतः ही रिचार्ज हो जाएंगे। छोटे पत्थर तो मशीन से तोड़े जा रहे हैं। बड़े पत्थरों को तोड़ने में विस्फोट का सहारा लिया जा रहा है। विस्फोट सरफेस पर किया जाता है। आशंका एवं भय निराधार हैं। डेम के साथ पंप हाउस के चैंबर के फाउंडेशन का काम हमें तकनीकी मापदंड से करना है उसी मान से काम किया जा रहा है। डेम में पानी भरने के साथ ही नलकूप चल पड़ेंगे। कार्यपालन यंत्री का कहना था कि उनके पास ग्रामीणों के भय एवं घबराहट जैसा कोई मामला नहीं आया है और न ही कोई मिलने आया।

#### जल संसाधन मंत्री तक पहुंचा मामला

ग्रामीणों के भय एवं घबराहट की स्थिति को लेकर सिलारखेडी जल उपभोक्ता संथा के 10 वर्ष तक अध्यक्ष रहे कांग्रेस नेता अब्दुल गफ्फार पटेल ने इस मामले में जल संसाधन विभाग के मंत्री तुलसी सिलावट से पिछले दिनों मुलाकात कर उन्हें इससे अवगत करवाया गया था। इस पर सिलावट ने विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली थी। साथ ही पटेल ने मामले को लेकर जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों को भी इस आशंका, भय एवं घबराहट से अवगत करवाया है। बकौल पटेल जल संसाधन मंत्री मध्य प्रदेश शासन तुलसी राम सिलावट से सिलार खेड़ी तालाब में हो रहे निर्माण कार्य ब्लास्ट करके सीमेंट डालने से आसपास के किसानों के ट्यूबवेल बंद होने और इससे खड़ी फसल बर्बाद होने की आशंका के साथ नलकूपों के पानी दूषित होने से अवगत करवाया है। डैम के आसपास के लगभग 10 गांव प्रभावित हो रहे हैं। हमने निवेदन किया है कि ब्लास्ट से पानी दूषित हो रहा है। इंदौर भागीरथपुरा जैसा हादसा ना हो जाए इसके चलते हमने जांच की मांग रखी है। ग्रामीणों में पानी के अशुद्ध होने की आशंका है जिसे विभागीय अधिकारी सिरे से नकार कर कह रहे हैं कि ऐसा कुछ नहीं होगा। इसे लेकर हमने कार्यपालन यंत्री से भी मुलाकात कर उन्हें अवगत करवाया है।

#### ग्रामीणों में भय एवं घबराहट

डेम के गेट एवं पंप हाउस के फाउंडेशन निर्माण के लिए यहां पर सख्त बड़े पत्थरों को तोड़ने के बाद ही निर्माण की शुरूआत की जा रही है। छोटे पत्थरों को मशीन से तोडा जा रहा है और बड़े पत्थरों को तोडने के लिए अब विस्फोट का सहारा लिया जा रहा है। इस विस्फोट से सिलारखेड़ी एवं सेवरखेड़ी के आसपास की जमीन के ग्रामीणों में पिछले दिनों से घबराहट एवं भय की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे उनके नलकूप बंद हो जाएंगे। नलकूप से मिलने वाला पानी अशुद्ध न हो जाए।

---

### नल का पानी नहीं पिएं, बीमार पड़ सकते हैं

# उज्जैन में मुनादी के वायरल वीडियो से हड़कंप महापौर खुद पानी की शुद्धता जांचने पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बाद उज्जैन में कुछ क्षेत्रों में नगर निगम की मुनादी से हड़कंप मच गया है। वीडियो वायरल हुआ तो बताया कि ये संदेश सिर्फ उस जगह के लिए था जहां रोड चौड़ीकरण के लिए पेयजल की लाइन खुली है। वहां पर पानी दूषित होने की संभावना को लेकर सिर्फ सावधान रहने को कहा था। इधर, मंगलवार को महापौर खुद कई क्षेत्रों में पानी की शुद्धता जांचने गली-गली पहुंचे।

उज्जैन नगर निगम द्वारा एक ई-रिक्शा से शहर के कुछ क्षेत्रों में दो दिन पहले मुनादी करवाई गई। अनाउसमेंट में क्षेत्र में दूषित जल होने की संभावना पानी नहीं पीने और उल्टी-दस्त होने की तुरंत सूचना देना का जिक्र था। वायरल वीडियो में जो सूचना दी गई उससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वीडियो में माइक से सूचना दी गई कि नगर निगम द्वारा सूचित किया जाता है कि कुछ क्षेत्रों में दूषित



पेयजल के होने की संभावना पाई गई है।

अगले आदेश तक नल के पानी को सीधे ना पिएं। आवश्यक होने पर पानी को अच्छे से उबालकर छानकर पिएं। नगर निगम द्वारा पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर के माध्यम से की जा रही है। यदि किसी भी व्यक्ति को उल्टी-दस्त, सिर दर्द या जल से संबधित कोई भी समस्या हो तो पीएचई कंट्रोल रूम नंबर 9406811060 और 07342535244 पर संपर्क करें।

वीडियो वायरल होने के बाद कई लोग डर गए। हालांकि महापौर मुकेश टटवाल ने वायरल वीडियो को लेकर साफ किया कि सिंहस्थ को लेकर कई जगह चौड़ीकरण का काम चल रहा है। ऐसे में सड़क नाली और पेयजल की टूटी हुई लाइन को लेकर मुनादी करवाई थी। बताया था कि गंदे पानी को लेकर क्षेत्रवासियों को सूचित करना है, लेकिन उसने जिस तरह से सूचित किया उससे सम्भवतः लोगों ने गलत समझ लिया बाद में उसे हटा दिया गया।

इधर आदर्श नगर, अलकापुरी, छतरी चौक, कोयला फाटक से सेंट्रल कोतवाली इलाकों से मिल रही गंदे पानी की शिकायत को भी देखा। महापौर मुकेश टटवाल मंगलवार को महेश नगर, श्रीराम कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 04 नागेश्वर धाम कॉलोनी में जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल एवं अधिकारियों के साथ खुद जल की शुद्धता जांचने पहुंचे। महापौर ने बताया कि मौके पर पानी में केमिकल डालकर जांच की गई की जिसमें पानी शुद्ध पाया गया। रहवासियों से भी चर्चा की है उन्होंने बताया कि पानी साफ आ रहा है।

---

# तिल चतुर्थी: चिंतामण, सिद्धि विनायक मंछामन को तिल पकवानों का भोग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

माघ माह की चतुर्थी को तिल चतुर्थी भी कहा जाता है। मंगलवार को चिंतामण गणेश, सिद्धि विनायक, मंछामन गणेश मंदिर में तिल से बने पकवानों के भोग लगाए गए।

चिंतामण गणेश मंदिर के प्रशासक अभिषेक शर्मा के अनुसार सुबह पट खोलने के बाद पुजारी शंकर गुरु के मार्गदर्शन में पूजन किया गया। इसके बाद तिल से बनाए पकवानों का भोग अर्पित किया गया। दिनभर बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। इसी तरह महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में भी तिल के व्यंजनों का भोग लगाया। श्मशान घाट स्थित दस भुजानाथ मंदिर और मंछामन गणेश मंदिर के दर्शन पूजन के लिए भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

माघ माह की तिल चतुर्थी पर श्री इच्छापूर्ति गणेश मंदिर लक्ष्मीनगर में भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। पं. देवेंद्र शर्मा व देवेंद्र जोशी ने बताया कि श्रृंगार से पूर्व गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ कर अभिषेक किया गया। शाम को पूजन, आरती के बाद तिल का भोग लगाया गया, पश्चात प्रसाद का वितरण किया।



---

# एप से बुकिंग पर शौचालय की सफाई करने पहुंचेंगे मित्र, 697 जगह की सफाई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्वच्छता की बात करें तो यह आपके काम की खबर है। वॉव ६ड्ड६ (वॉश ऑन व्हील्स) एप से जिले में स्वच्छता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। ये एक ऐसा एप्लीकेशन एप है, जिसके जरिए लोग शौचालय की सफाई की ऑनलाइन ?बुकिंग करवा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि जिले में अब तक 1046 बुकिंग हो चुकी हैं। इनमें से 697 जगह सफाई का काम भी किया जा चुका है। 349 आवेदन अभी क्यू में है।

एप का सर्वाधिक लाभ जिले की खाचरौद जनपद में लिया जा रहा है। यहां की सभी 130 ग्राम पंचायतों के करीब 200 गांवों के ग्रामीण इसका लाभ ले रहे हैं। जिले के अन्य स्थानों से भी लोग अपने घरों के शौचालय की सफाई के लिए बुकिंग कर रहे हैं। एप पर स्कूल, आंगनवाड़ी, विभागों के शौचालयों के अलावा सार्वजनिक स्थानों के शौचालयों की बुकिंग भी बढ़ रही हैं। शौचालयों की ये सफाई प्रशिक्षण प्राप्त सफाई मित्रों द्वारा तय शुल्क लेकर की जा रही है।



बताया जा रहा है कि प्रदेश में ६ड्ड६ का लाभ लेने में छिंदवाड़ा के बाद उज्जैन जिला दूसरे स्थान पर है। उज्जैन में तेजी से इस एप पर बुकिंग बढ़ रही है। वर्तमान में जिले में 25 स्वच्छता मित्र ये ?काम कर रहे हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लगभग 10 खाचरौद में है। बड़नगर में एक, महिदपुर में 5, तराना में 4 और उज्जैन शहर तथा घट्टिया में तीन-तीन स्वच्छता मित्र है। ये सभी ट्रेनिंग प्राप्त हैं, जो कि सेफ्टी ?किट व प्रेशर मशीन सहित जरूरी संसाधन लेकर आते हैं। बुकिंग के आधार पर इनकी संख्या भी बढ़ाई जा रही है। इनके द्वारा घरों के शौचालय की सफाई के लिए 50 से 100 रुपए तक, सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र व पेट्रोल पंप आदि के शौचालयों के लिए 200 से 250 रुपए तक शुल्क लिया जाता है। स्वच्छता की दिशा में यह अच्छी पहल : जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट के अनुसार जिले में ६ड्ड६ एप पर तेजी से बुकिंग हो रही है। खाचरौद में सर्वाधिक बुकिंग हुई है। स्वच्छता की दिशा में ये एक अच्छी पहल है।

उज्जैन
बुधवार
07
जनवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत्॥
अर्थः कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए। कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है।


## खबर एक नजर...

### सराफा में दुकानदार ने नाबालिग से छेड़छाड़ की, गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर के सराफा मार्केट में सोमवार देर शाम एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता अपनी दो मौसी के साथ खरीदारी के लिए बाजार पहुंची थी। इसी दौरान जब वह संगम चाट हाउस के पास नाश्ता कर रही थी, तभी पास में सड़क किनारे कॉस्मेटिक्स की दुकान लगाने वाले एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता की मौसी ने यह हरकत देख ली और तुरंत विरोध किया। इसके बाद मौके पर पीड़िता के परिजनों और आरोपी दुकानदार के बीच कहासुनी हो गई। घटना के बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ सराफा थाने पहुंची और रात में शिकायत दर्ज कराई। सराफा पुलिस ने आजाद नगर निवासी पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। इधर, बाणगंगा थाना क्षेत्र में सहेलियों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने इस मामले में जातिसूचक शब्द कहने और मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### छोटी होटलों तक पहुंचा बोतलबंद पानी, फिर भी 30 फीसदी रह गई ग्राहकी

**इंदौर।** भागीरथपुरा में गंदे पानी की समस्या अब केवल बीमारी तक सीमित नहीं है। यह लोगों को उनके घर, मोहल्ले और रोजगार से दूर कर रही है। ऐसे कई परिवार हैं, जो मजबूरी में शहर छोड़ रहे हैं। क्षेत्र की छोटी दुकानों तक बोतलबंद पानी पहुंच गया है, फिर भी ग्राहकी 30 फीसदी रह गई है। वहीं भागीरथपुरा क्षेत्र में बाहर से आने वाले लोग डरे हुए हैं। वे पानी टैंकर का पानी पीने की जगह कैंपर मंगा रहे हैं या पानी उबालकर पी रहे हैं। दूषित पानी पीने से तीन साल की बेटी व 5 साल का बेटा बीमार पड़ा तो भागीरथपुरा क्षेत्र में रहने वाले शुभम कोरी ने शहर छोड़ने का मन बना लिया। शुभम ने बताया कि 31 दिसंबर की रात बेटे परीक्षित और बेटी माधवी को उल्टी-दस्त के बाद रात तीन बजे अस्पताल ले जाना पड़ा। उनका कहना था कि बच्चों के बाद कहीं बुजुर्ग मां भी बीमार बीमार न पड़ जाए, इसी डर के कारण वापस गांव (सागर) जा रहे हैं।

### खजराना मंदिर में गणपति बप्पा को लगा महाभोग

**इंदौर।** माघ माह की तिल चतुर्थी के पावन पर्व पर आज खजराना गणेश मंदिर पर भक्त मंडल की ओर से तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं का भोग समर्पित किया गया। वहीं पवित्र ध्वजा पूजन के साथ परंपरागत तीन दिवसीय मेले की शुरूआत भी हुई। मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट, पं. जयपाल, पं आधार और पं. धर्मेन्द्र भट्ट द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बप्पा के दरबार में इन लड्डुओं का संग्रह कर दिया गया। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त एवं मंदिर समिति के प्रशासक क्षितिज सिंघल तथा मंदिर के महाप्रबंधक राकेश शर्मा ने खजराना गणेश को भोग समर्पित कर प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया। श्रीगणेश और परिवार को स्वर्ण आभूषण पहनाए गए। भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी, कैलाश पंच एवं पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार ने बताया कि इससे पूर्व ध्वजा पूजन कर महाआरती की गई। 7 जनवरी को गणेशजी को गोंद के लड्डुओं तथा 8 जनवरी को उड़द के लड्डुओं का भोग भी लगाया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक घनश्याम शुक्ला एवं गौरीशंकर मिश्रा के मार्गदर्शन में सुभाष नायक, सुरेश चौधरी, वासुदेव पाटीदार, आकाश वर्मा, जय वर्मा एवं दिनेश सर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## इंदौर में दूषित पानी से अब तक 18 मौतें, महिला कांग्रेस का आज कैंडल मार्च

# उल्टी-दस्त के मरीज घटे, आईसीयम में बढ़े, 3 वेंटिलेटर पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 18 की मौत के बाद लोग अब डरे-सहमे हैं। इलाके में बड़ी संख्या में बोरिंग का यूज बंद कर दिया है। रहवासी टैंकरों और आरओ के पानी पर निर्भर हैं। इस बीच अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या में कमी आई है। अब तक 429 लोग भर्ती हुए थे। जिनमें से मंगलवार शाम तक की स्थिति में 330 डिस्चार्ज हो चुके हैं। यानी अब सिर्फ 99 मरीज ही एडमिट हैं।

हालांकि, अस्पतालों में मरीजों की संख्या में कमी जरूर आई है लेकिन आईसीयू में मरीजों की संख्या पहले की तुलना में बढ़ी है। अब आईसीयू में 16 मरीज हैं। इनमें से 3 वेंटिलेटर पर हैं। इससे पहले सोमवार को 15 और रविवार को 7 मरीज आईसीयू में भर्ती थे। इधर, आज बुधवार को महिला कांग्रेस पूरे प्रदेश में एक साथ प्रदर्शन करेगी। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने बताया कि पूरे प्रदेश में एक साथ कैंडल मार्च निकालेंगे। इधर, प्रशासन की परिजन को मुआवजा देने के लिए बनाई सूची में दो नए नाम हैं, जो पहले सामने नहीं आए थे। इनमें रामकली जगदीश व श्रवण नत्थु शामिल हैं। इनके सहित मुआवजा फेहरिस्त में 15 नाम हो गए हैं।




**दो दिनों में 5013 घरों तक पहुंची स्वास्थ्य टीमें-** सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी के मुताबिक 61 टीमें बनाई गई थीं। इन टीमों में नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, आशा और एएनएम शामिल हैं। जिन्होंने घरों में रियल टाइम सर्वे किया है। दो दिनों में ये टीमें 5013 घरों तक पहुंची हैं। 24786 लोगों से संपर्क कर उन्हें उचित परामर्श दिया है। वहीं, प्रत्येक घर में दवाइयां और एक क्लिनवेट ड्राप भी वितरित की है।

### कोर्ट ने कहा- शहर पूरे देश में चर्चा का विषय बना

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में मंगलवार को दूषित पेयजल से जुड़े मामले में 5 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा- इस घटना ने इंदौर शहर की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। देश का सबसे स्वच्छ शहर कहलाने वाला इंदौर अब दूषित पानी की वजह से पूरे भारत में चर्चा का विषय बन गया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में स्वच्छ पानी जनता का मौलिक अधिकार है और इससे किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि यदि भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो दोषी अधिकारियों पर सिविल और क्रिमिनल लायबिलिटी भी तय की जाएगी। साथ ही संकेत दिए कि अगर पीड़ितों को मुआवजा कम मिला है तो उस पर भी अदालत उचित निर्देश जारी करेगी।

### पीसीसी चीफ और नेता प्रतिपक्ष पहुंचे भागीरथपुरा

- उधर, मंगलवार दोपहर करीब एक बजे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ता भागीरथपुरा पहुंचे थे। यहां पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल, वज्र वाहन सहित तैनात था। भागीरथपुरा में घुसने वाले सभी रास्तों को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया था।
- दूषित पानी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजन से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेताओं की पुलिस अधिकारियों से बहस हो गई। बाद में दूसरे रास्ते से कांग्रेसी अंदर पहुंचे। मृतक अशोक लाल पवार, जीवन लाल और गीता बाई के घर गए। परिजन से चर्चा की। इसके बाद करीब 3 बजे भागीरथपुरा से लौट गए।
- यहां पटवारी ने इंदौर का प्रभारी मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से इस्तीफा भी मांगा।

## अहमदाबाद से आया 'मौत' का मांजा

# 1526 रील के साथ आरोपी गिरफ्तार

### रात के समय कार में आठ बोरों में लेकर आ रहा था आरोपी, पुलिस ने जब्त किया माल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बायपास पर बाइक सवार छात्र की चायनीज मांजे से गला कटने से हुई मौत के बाद भी शहर में मांजा बिकना बंद नहीं हुआ है। सोमवार रात एक व्यापारी अपनी कार में चायनीज मांजे का जखीरा लेकर आ रहा था। वह मौत के इस माने को शहर में बेचने वाला था।

जूनी इंदौर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार का रोका तो उसमें आठ बोरे चाइनीज मांजा मिला। बोरे खुलवाए तो उसमें 1526 रील चाइनीज मांजा निकला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी मूल रूप से शाजापुर निवासी है, वह यहां किराए से रह रहा था। आरोपी मकर संक्रांति पर बेचने के लिए यह मांजा लेकर आया था।



जूनी इंदौर टीआई अनिल गुप्ता ने बताया आरोपी व्यापारी 28 वर्षीय रवि पिता कैलाश राजानी निवासी खातीवाला टैंक है। सूचना मिली थी कि रवि रात के समय मांजा लेकर आने वाला है। पुलिस ने चेकिंग प्वाइंट लगाए और कार नंबर के आधार पर उसे पकड़ा। तलाशी में कार में आठ बोरे चाइनीज मांजा मिला। आरोपी से थाने में देर रात तक पूछताछ की गई। आरोपी रवि ने पूछताछ में कबूला कि दो दिन पहले कार से अहमदाबाद गया था। वहां के कालूपुर मार्केट से शब्बीर नागक व्यापारी की दुकान से सैकड़ों की संख्या में चायनीज मांजे की रील खरीदकर लाया था। थोड़े से पैसों के लालच में आरोपी यह माल इंदौर में बेचकर लोगों की जान को जोखिम में डालने वाला था। आरोपी ने थोक रेट पर करीब 36 हजार रुपए में 8 बोरी मांजा खरीदा था। वह यहां खेरची के हिसाब से करीब डेढ़ लाख रुपए में बेचने वाला था। आरोपी ने कबूला कि वह मकर संक्रांति के त्योहार को देखते हुए मांजा लेकर आया था। वह मूल रूप से शाजापुर का रहने वाला है। यहां चार महीने से किराए के मकान में रह रहा है। वह हर साल मकर संक्रांति पर चायनीज गांजा लेकर आता था। उसने शहर और आसपास के क्षेत्रों में काफी मांजा बेचा है। जब उसे थाने लाए तो टीआई ने पूछा कि जब यह मांजा प्रतिबंधित है तो उसे क्यों बेचने के लिए लाया है। आरोपी बोला कि अभी सीजन है तो उसे बेचना ही होगा।

# आईसीएमआर के सर्वे में 17 गलियां संक्रमित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

यह भागीरथपुरा क्षेत्र में संक्रमण की स्थिति बताती तस्वीर है। इस नक्शे (हीट मैप) में जितने लाल रंग दिख रहे हैं, वहां परिवार में से कोई ना कोई संक्रमण से प्रभावित है। इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के सर्वे में 17 गलियां संक्रमित मिली हैं। मध्य क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित है। टीमों ने 5013 घरों का सर्वे किया। करीब 25 हजार लोगों तक पहुंचे। इसमें से 50% क्षेत्र प्रभावित मिला है। 460 घर प्रभावित मिले, इनमें से 600 सिमटोमेटिक मरीज मिले।

### यह है कोबो टूल

- कोबो टूल एक ऑनलाइन मोबाइल एप है, जिससे भागीरथपुरा के हर घर का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया।
- किस घर में बीमारी की गंभीरता ज्यादा थी, कितने सदस्य बीमार थे, पानी को साफ रखने को लेकर उनकी जानकारी सहित कई प्रश्न किए गए।
- प्रभावित घरों के लोगों को क्लोरीनेशन और ओआरएस घोल के बारे में भी बताया गया। इन्हीं क्षेत्रों में लीकेज ढूंढने की कार्रवाई तेज की गई है।

# जनसुनवाईः मैं बच्चों को घर देकर जाना चाहती हूं, किराएदार खाली नहीं कर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कलेक्टोरेट में मंगलवार को जनसुनवाई में दोपहर 12 बजे तक अधिकारी तो थे पर आवेदक कम आए। हालांकि, अधिकारियों के पीछे 20 से ज्यादा आवेदक बैठे थे। अफसरों ने कहा, आप लोग को सुन लिया है, जाइए, लेकिन एक भी नहीं गया। कलेक्टर शिवम वर्मा आए तो लोगों को बुलाना शुरू किया। कंडीलपुरा की उर्मिला बाई बोली, किराएदार घर खाली नहीं कर रहा है। आपके पैर पढ़ लूं, मैं चाहती हूं कि जीते जी बच्चों को घर मिल जाए। कलेक्टर ने कहा कार्रवाई करेंगे।

बुजुर्ग दयाराम बोले विकलांग हूं, जूता बनवाया है पर रुपए नहीं है। पूछा कितने का आएगा तो कहा 2950 रुपए का। कलेक्टर के कहने पर तत्काल सामाजिक न्याय विभाग से 3 हजार रुपए देने के लिए कहा गया। एक महिला कर्मचारी ने शिक्षा विभाग की समस्या बताई। कलेक्टर ने डीईओ को बुलाया और कहा इनका काम करा दो।



शिक्षिका से कहा 10 दिन में आपका काम हो जाएगा। कलेक्टर ने देखा कि कई लोग इंतजार में बैठे हैं। उन्होंने एसडीएम से कहा- आप इन्हें सुन लीजिए तो जवाब मिला सर, हम तो सुन चुके हैं पर ये आपको बताना चाहते हैं। इसके बाद एक किसान ने सीमांकन नहीं होने की बात कही। इस बीच नारों की आवाज आने लगी तो पता चला बेटमा से धर्म रक्षा समिति के कार्यकर्ता साधु-संतों के साथ आए हैं। उन्हें गेट पर रोका तो वे परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। उनकी मांग थी कि बेटमा में गोवंश को मारा जा रहा है। बूचड़खाना बंद किया जाए। अपर कलेक्टर रोशन राय ने ज्ञापन लिया, तब वे शांत हुए। आउटसोर्स कर्मचारी भी बड़ी संख्या में पहुंचे, उनकी शिकायत थी कि तीन महीने से वेतन नहीं मिला है।

### द बुद्धिस्ट सोसायटी ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन दिया

द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के लोग भी कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्वालियर में लगातार बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान हो रहा है। अपमान करने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो। मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। नगर निगम में भी हुई जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण कर दिया गया है। आयुक्त क्षितिज सिंघल ने निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में जनता की परेशानियों को सुना। इस दौरान राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूवल, सीवरेज विभाग, जनकार्य सहित अन्य विभागों के 32 आवेदन आयुक्त के समक्ष रखे गए। प्राप्त आवेदन को अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स गेम्स का आयोजन

**उज्जैन।** उज्जैन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स गेम्स का आयोजन मार्शल आर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा किया गया । जिसमें थांगता कलारिपयट्टू, बॉक्सिंग, लाठी, कराते, आदि जैसे कई बड़े गेम शामिल थे इस प्रतियोगिता में कई राज्यों से टीमों ने सहभागिता की उज्जैन के पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट के 8 खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप भाग लिया । पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट से अभिषेक मरमट ने बताया कि खिलाड़ियों ने थांगता गेम में सीनियर वर्ग में इस प्रतियोगियों में भाग लेकर 5 स्वर्ण एवं एक रजत पदक हासिल किए जिसमें निशा चौहान, राधा सौराष्ट्रीय, प्रियंका सौराष्ट्रीय, लक्ष्मण सिंह, पवन यादव को स्वर्ण पदक एवं दिव्या सोलंकी को रजत पदक प्राप्त हुए` खिलाड़ियों की इस सफलता पर पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट के संचालक, प्राचार्य डा. नेहा टाइटस, वाइस प्रिंसिपल डा. विमलेश व्यास और सभी स्टाफ ने शुभकामनाएं देकर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अद्विका सिंह, धैर्या शर्मा, आदि पटवा का मेन ड्रॉ में चयन

**उज्जैन।** नीमच में आयोजित ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में उज्जैन की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अद्विका सिंह, धैर्या शर्मा और आदि पटवा ने लीग मैचेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन ड्रॉ में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

इन सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंदियों को सीधे सेटो में पराजित कर यह गौरव हासिल किया। अद्विका सिंह और धैर्या शर्मा अभी जूनियर ग्रुप्स की खिलाड़ी है लेकिन अपने दमदार खेल की वजह से सीनियर टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में अपना स्थान पक्का किया है।

ये सभी खिलाड़ी विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब महानंदा नगर में कोच योगेश बन्देवार से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए विधायक अनिल जैन कालूहेडा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटवा, सेक्रेटरी जितेंद्र मुकाती सहित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया तथा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के बीच लवखेड़ी से सर्व समाज के धर्म-जागरण का संदेश

# लवखेड़ी धाम में श्रीराम कथा का भव्य समापन, सर्व समाज के आयोजन में रविदास समाज ने लाया नानी बाई का मायरा






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लवखेड़ी धाम में वर्ष 2007 से चली आ रही श्रीराम कथा की परंपरा के तहत इस वर्ष भी भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। आयोजन की शुरूआत 26 दिसंबर को हुई, जिसका नानी बाई के मायरे के साथ विधिवत समापन हुआ। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि आयोजन सर्व समाज द्वारा किया गया, जबकि नानी बाई का मायरा संत शिरोमणि रविदास समाज द्वारा लाया गया, जिसने सामाजिक समरसता और एकता का मजबूत संदेश दिया।

आयोजन समिति के सदस्य डॉ जगदीश चौहान ने बताया कि लवखेड़ी धाम में पिछले 10 से 15 वर्षों से निरंतर रामकथा का आयोजन हो रहा है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में रामकथाओं का आयोजन किया जाता है। इस बार श्रीराम कथा के साथ नानी बाई का मायरा जोड़े जाने से आयोजन की भव्यता और अधिक बढ़ गई। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और आसपास के समस्त गांवों का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र, धर्म और धर्म-जागरण से जुड़ा हुआ है। वक्ताओं ने बांग्लादेश सहित विश्व के विभिन्न हिस्सों में हिंदू समाज के साथ हो रही घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी परिस्थितियां भारत में उत्पन्न न हों, इसके लिए समाज को जागृत और संगठित रहना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से श्रीराम कथा और नानी बाई के मायरे जैसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्र को मजबूत करने और समाज को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन में संत शिरोमणि रविदास समाज द्वारा नानी बाई का मायरा और मामेरा लाया जाना सर्व समाज की सहभागिता और समरसता का प्रतीक बना। वक्ताओं ने कहा कि धर्म, संस्कृति, संस्कार और एकता भारत की पहचान हैं, जो अनादि काल से चली आ रही हैं और आगे भी समाज को दिशा देती रहेंगी।

## गढ़कालिका मंदिर में स्व. महंत का जन्मोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया

### गढ़कालिका मंदिर में किया 56 भोग अर्पण, कन्या, भोज का आयोजन हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



6 जनवरी को विश्वप्रसिद्ध गढ़कालिका मंदिर में स्वर्गीय गादीपति महंत दीपक नाथ जी के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में 56 भोग अर्पण, विशाल प्रसाद वितरण एवं कन्या तथा बटुक भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्वर्गीय गादीपति महंत दीपक नाथ जी की पत्नी महंत टीनानाथ पुजारी जी एवं उनके बेटे वर्तमान गादीपति आदित्यनाथ पुजारी जी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने माँ गढ़कालिका के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कन्या और बटुक भोजन के माध्यम से सेवा, संस्कार एवं सनातन परंपरा के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया।

## महापौर द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, यातायात व्यवस्था एवं यूरिनल पॉइंट निर्माण स्थल का निरीक्षण किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महापौर मुकेश टटवाल द्वारा मंगलवार को एमआईसी सदस्य श्री सत्यनारायण चौहान एवं निगम अधिकारियों के साथ दो पहिया वाहन पर सवार होकर शहर के प्रमुख मार्गो, यातायात व्यवस्थाओं एवं नागरिकों, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र एवं व्यावसायिक क्षेत्र में यूरिनल निर्माण करने के स्थल का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम दौलतगंज सब्जी मंडी, फव्वारा चौक, हरसिद्धि मंदिर के सामने नागरिकों एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महिला एवं पुरुष के लिए दो-दो यूनिट यूरिनल बनाए जाने के निर्देश दिए गए साथ ही अधिकारियों से कहा कि उक्त कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है ठेकेदार भी उपलब्ध है इसीलिए बुधवार से यूरिनल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए उक्त कार्य स्वच्छ भारत मिशन 2.0 मद की राशि से किए जाएंगे। इसी के साथ हरसिद्धि मंदिर के सामने भी श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यूरिनल बनाए जाने के निर्देश दिए गए तत्पश्चात चक्रतीर्थ पर नगर निगम द्वारा किए जा रहे सौंदर्य करण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री जगदीश मालवीय, उपयंत्री श्री गायत्री प्रसाद डेहरिया एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

# शाम से फिर ठंडी हवाओं ने डेरा जमाया, स्कूलों में बुधवार का भी अवकाश घोषित

### अधिकतम तापमान चढा,न्यूनतम नीचे गिरा

### रात के तापमान में 2डिग्री की गिरावट एवं दिन के तापमान में 2.5 डिग्री की बढत दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को दिन में सूर्य की रोशनी के साथ तपन भी ठीक रही थी जिससे शीतलहर का असर कमजोर पड गया था। शाम होने के साथ ही ठंडी हवाओं ने फिर से अपना डेरा डाल लिया। इसके चलते रात ढलते झढलते ठंडी हवाओं से कपकपी के हाल बनने लगे थे। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 2डिगी गिरावट के साथ एवं अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री बढत के साथ दर्ज किया गया था। उत्तर के पहाडों की बर्फबारी के साथ आ रही ठंडी हवाएं बराबर सक्रिय हैं। मंगलवार को दिन में ठंडी हवाओं का जोर सूर्य की रोशनी के सामने कमजोर रहा तो शाम होने के साथ ही यह जोर पकड गया। इसके चलते दिन में आमजन ने राहत की सांस ली थी। अधिकतम तापमान भी एक दिन पूर्व की अपेक्षा सूर्य की गर्मी से



बढत के साथ दर्ज किया गया था। शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मंगलवार को सुबह न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया जिसमें एक दिन पूर्व की अपेक्षा करीब 2 डिग्री गिरावट दर्ज की गई है। शाम को अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया है जिसमें एक दिन पूर्व की अपेक्षा 2.5 डिग्री बढत दर्ज की गई है। सुबह आर्द्रता 87 एवं शाम को 65 प्रतिशत दर्ज की गई । सुबह से लेकर शाम तक 6किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से इस दौरान हवाएं चली हैं।

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने पिछले दो दिनों की तरह से बुधवार को भी मौसम को देखते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। बुधवार को नर्सरी से 8 वीं तक अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर के आदेश पर जिला शिक्षाअधिकारी महेन्द्र खत्री ने आदेश जारी करते हुए बताया कि शीतलहर एवं तापमान में आई गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन जिला अंतर्गत संचालित शासकीय/अशासकीय/ सी.बी.एस.ई./आईसीएसई / माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों की कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक के छात्र-छात्राओं हेतु विद्यालयों में 07 जनवरी (बुधवार ) का अवकाश घोषित किया गया है। अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियाँ यथा परीक्षा आदि पूर्ववत संचालित रहेगी।

## खबर एक नजर...

### मुन्नालाल मामोडिया दमन एवं दीव में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन में कार्यरत मुन्नालाल मामोडिया (विक्रम अवॉर्डी) का चयन भारत सरकार की स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) द्वारा गुजरात में 4 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित हो रहे है जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय निर्णायक मामोडिया का चयन मल्लखंब खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है। यह मल्लखंब प्रतियोगिता दादर नगर हवेली के दमन एंड दीव गुजरात में आयोजित हो रही है। श्री मामोडिया पूर्व में भी नेशनल गेम्स, खेलों इंडिया एवं कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इस उपलब्धि पर सहकारिता विभाग के कमिश्नर के. पाटनकर, मल्लखंब संघ के अध्यक्ष सोनू गहलोत विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित मोहनलाल धाकड़ एवं दिलीप असरानी (एससीआई) और पूरे सहकारिता परिवार ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी विभाग के स्टेनो अशोक चौहान द्वारा दी गई।

### 75 लाख रु. से संवर रहा नगर वन- नक्षत्र वाटिका, काम अंतिम चरण में

**उज्जैन।** वार्ड 54 अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना मद से करीब 75 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे नगर वनझनक्षत्र वाटिका का निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर है। सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुंचकर शेष बचे कार्यों का निरीक्षण किया। महापौर ने बताया कि जिस स्थान पर पूर्व में नर्सरी और लकड़ियों का भंडारण होता था, उसी लगभग 1 लाख 5 हजार वर्गफीट (करीब 4.5 बीघा) क्षेत्र में नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा कायाकल्प करते हुए नगर वन और नक्षत्र वाटिका विकसित की गई है। 8 से 10 हजार पौधे लगाए गए हैं। साथ ही यहां एक्युप्रेशर पाथ, सेल्फी प्वाइंट, गजीबो, पाथवे, प्राकृतिक जंगल, बच्चों के लिए झूले, ओपन जिम उपकरण जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। नक्षत्र वाटिका में राशि और ग्रहों के अनुसार पौधारोपण भी किया गया है।

### अतिक्रमण मुक्त करने के बाद सुगम हुआ आवागमन

**उज्जैन.** नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा मक्सी रोड स्थित सब्जी मंडी एवं फ्रीगंज पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र के सब्जी के ठेले, फल फ्रूट के ठेले को विगत दिनों हटाए जाने की कार्यवाही की गई साथ ही उक्त क्षेत्र में जो भी अस्थाई हाथ ठेले गुमटियां थी उन्हें भी हटाने की कार्यवाही की गई जिससे उक्त दोनों क्षेत्र आवागमन के लिए सुगम है साथ ही क्षेत्र में जब नागरिकों एवं क्षेत्र के व्यापारियों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि निगम द्वारा जो कार्यवाही की गई निश्चित ही यह सराहनीय एवं सुविधाजनक रही जिसके कारण सड़कों पर लगे हाथ ठेले एवं गुमटियों को हटाने से आवागमन सुगम हुआ है

### तिल चतुर्थी पर महाकाल में सिद्धिविनायक गणेश का पूजनः

# श्मशान स्थित दस भुजानाथ का गजक से हुआ श्रृंगार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में तिल चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन किया गया, वहीं श्मशान घाट स्थित दस भुजानाथ गणेश मंदिर में गजक से अनूठा श्रृंगार किया गया।

महाकाल मंदिर परिसर में विराजमान अतिप्राचीन सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में भगवान गणेश को तिल से बनी विभिन्न सामग्रियों का भोग अर्पित किया गया।

सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न हुआ। भगवान गणेश को 56 प्रकार के तिल से



बने व्यंजनों का भोग चढ़ाया गया, जिसके बाद शाम को भव्य महाआरती हुई।

पंडित नन्नू गुरु ने बताया कि माघ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को तिल चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश को तिल से बने व्यंजन अर्पित करने का विशेष महत्व है। उन्होंने यह भी बताया कि देशभर में महिलाएं इस दिन व्रत रखती हैं और चंद्र दर्शन के बाद व्रत का पारण करती हैं। इसी क्रम में उज्जैन के श्मशान घाट में स्थित विश्व प्रसिद्ध दसभुजानाथ गणेश मंदिर में भी तिल चतुर्थी का पर्व विशेष श्रद्धा के साथ मनाया गया। यहां भगवान दसभुजानाथ गणेश का तिल-गुड़ से बनी गजक से अनूठा श्रृंगार किया गया, जो अपनी भव्यता और विशिष्टता के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। मंदिर समिति के अनुसार, दसभुजानाथ गणेश का यह श्रृंगार अत्यंत श्रमसाध्य होता है।

### 6000 भाव के लिए करोड़ों का सोयाबीन रुका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोयाबीन के 6000 भाव के लिए करोड़ों रुपए का सोयाबीन स्टॉक रुक गया। सोमवार को मंडी नीलाम में प्लांट वाला सोयाबीन 4900 से 5100 बिका। जबकि बीज वाले के 5200 से 5811 रुपए भाव रहे। 8 दिन में नए सिरे से सोयाबीन 150 रुपए भाव में तेज हो चुका है। दो करोड रुपए का सोयाबीन किसानों ने नीलामी में बेचा। भावांतर भुगतान योजना का 60% सोयाबीन आवक में बिका। 15 जनवरी तक भावांतर का सोयाबीन बिकेगा। इसके बाद ही मंडी आवक से तेजी-मंदी का पता चलेगा। कारोबारी अमर अग्रवाल ने बताया स्टॉक वालों को अब लाभ दिखाई देने से बेचकर 200 से 300 रुपए का लाभ बुक किया जाएगा, लेकिन हजारों बोरी 2 से 3 साल तक स्टॉक में डंप है, उन्हें जनवरी बाद 6000 रुपए भाव की संभावना है। इसे बेचने की प्लानिंग कर इसे फिर से डंप कर दिया गया है। ऐसे में स्टॉक का सोयाबीन बेचने वाले कम आने लगेंगे। इधर नीमच लाइन 5050, बदनावर 5075 रुपए व इंदौर 5050 रुपए के भाव ऑफर सोयाबीन प्लांट के घोषित किए गए। सोयाबीन की बड़ी कंपनियों के सौदे भी बाजार में आ गए। प्लांट वाले ही इसकी खरीदी करते हैं।

### शहर की जल प्रदाय व्यवस्था एवं पानी की शुद्धता की मौके पर पहुंचकर जांच की गई

**उज्जैनः** शहर में पेयजल सप्लाई के दौरान मंगलवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा वार्डों में पहुंच कर जल प्रदाय एवं पानी की शुद्धता की जांच की गई जिसके क्रम में महेश नगर, श्रीराम कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 04 नागेश्वर धाम कॉलोनी में जल कार्य समिति प्रभारी श्री प्रकाश शर्मा, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा सर्वप्रथम चामुंडा माता स्थित पीएचई विभाग के कंट्रोल रूम पर पहुंचकर जो शिकायत प्राप्त होती है उसके बारे में जानकारी ली गई एवं उनके समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात वार्डों में निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा रहवासियों से भी चर्चा करते हुए पूछा कि पानी साफ आ रहा है या नहीं रहवासियों द्वारा बताया गया कि पानी साफ आ रहा है साथ ही नगर निगम के अधिकारी घर-घर पहुंच कर पानी की जांच भी कर रहे हैं जिसके क्रम में मौके पर ही टेस्टिंग किट के द्वारा पानी में केमिकल डालकर जांच की गई जिसमें पानी शुद्ध पाया गया।

# पाइप लाइन की होगी स्टडीः इंदौर की घटना के बाद शहर का नेटवर्क रेड-येलो-ग्रीन कैटेगरी में बंटेगा





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद उज्जैन नगर निगम सतर्क हो गया है। शासन के निर्देश पर अब शहर की पूरी जलापूर्ति पाइप लाइन का अध्ययन किया जाएगा और उसका रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। नगर निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्र ने बताया कि शहर की पाइपलाइनों को तीन श्रेणियों रेड, येलो और ग्रीन कैटेगरी में बांटा जा रहा है।

कमिश्नर अभिलाष मिश्र के मुताबिक, रेड कैटेगरी में पुरानी पाइप लाइनें शामिल होंगी, जिनमें लीकेज या दूषित पानी की आशंका अधिक होती है। इन पाइपलाइनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच की जाएगी। येलो और ग्रीन कैटेगरी की पाइपलाइनों में रखरखाव और शिकायतों पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर ने बताया कि शहर में चल रहे खुदाई और मरम्मत कार्यों के दौरान अक्सर पाइपलाइनों में लीकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे मामलों में समयबद्ध तरीके से सुधार कार्य हो। निगम के पास कॉन्ट्रैक्ट एजेंसियां और तकनीकी टीमें मौजूद हैं, जिनके रिस्पॉन्स टाइम को बेहतर बनाने पर काम किया जा रहा है। नगर निगम का ध्यान अब केवल सुधार कार्यों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कंट्रोल रूम सिस्टम को भी पूरी तरह सक्रिय किया जाएगा। निगम मुख्यालय और चामुंडा माता क्षेत्र के कंट्रोल रूम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि इंदौर जैसी घटना उज्जैन में न हो, इसके लिए निवारक कार्रवाई की जा रही है। पाइप लाइन की स्थिति, उनकी उम्र, संभावित जोखिम और रखरखाव की पूरी जानकारी रिकॉर्ड में लाई जाएगी। इसके बाद आवश्यकतानुसार तुरंत सुधार कार्य कराया जाएगा। नगर निगम का दावा है कि इस नई व्यवस्था के लागू होने से दूषित पानी की समस्या, लीकेज और शिकायतों पर नियंत्रण लगेगा, जिससे नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# निगम अध्यक्ष की अध्यक्षता आयोजिता हुई बैठक

### वार्डो की पेयजल व्यवस्था सुव्यवस्थित हो तथा अन्य छोटी छोटी समस्याओं का भी विशेष ध्यान रखें अधिकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मंगलवार को झोन क्र. 1 की बैठक निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव की अध्यक्षता एवं पार्षद श्री गजेन्द्र हिरवे, श्री छोटेलाल मण्डलोई, श्रीमती सपना सांखला, श्री हेमंत गेहलोत, श्री दिलीप परमार, झोन क्र. 4 अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र मेहर, अपर आयुक्त श्री संतोष टेगौर, श्री पवन कुमार, उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, श्री योगेन्द्र पटेल सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा वार्डवार पार्षदगण से चर्चा करते हुए पेयजल, सफाई व्यवस्था, पथ प्रकाश व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की गई। आपने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड पार्षदों से चर्चा कर वार्डों में पेयजल, साफ सफाई सम्बंधित छोटी से छोटी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए, पेयजल वितरण के दौरान टंकी क्षेत्र का निरीक्षण सम्बंधित अधिकारी द्वारा नियमित रूप से करते हुए पानी की शुद्धता की जांच की जाए तथा निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों द्वारा अवगत कराई जाने वाली समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया जाए, नाले नालियां ओवर फ्लो ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए मशीनों से सफाई कार्य करवाया जाए, पार्षदगण द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं का निराकरण करते हुए अवगत कराएं। आपने कहा कि झोन क्र. 1 अन्तर्गत मंदिर, आश्रम, घाट क्षेत्र होने से श्रद्धालुओं का लगातार आवागमन रहता है जिसे ध्यान में रखते हुए मंदिरों के आस पास एवं घाटों की नियमित सफाई की जाए।

### 6 जनवरी तक पीएचई अमले ने की 2 सम्पवेल सहित 25 पानी की टंकियों की सफाई

**उज्जैन.** लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रत्येक तीन माह में पेयजल टंकियों एवं सम्पवेल की सफाई का कार्य किया जाता है जिसके क्रम में पीएचई अमले द्वारा विगत 3 से 4 दिनों में शहर के 2 सम्पवेल सहित 25 पानी की टंकियों जिसमें लक्ष्मीनगर, चकोर पार्क, सुभाषनगर, मिर्ची नाला, रवि शंकर नगर, सांदीपनी नगर, इंदिरा नगर, भेरूगढ, ऋषिनगर, दमदमा, कानीपुरा, सिंधी कॉलोनी, देवास गेट, गुदरी चौराह, बुधवारिया, महेश नगर, दशहरा मैदान, अल्कापुरी, गढकालिका, महेश बिहार, महानंदा नगर, वेदनगर, मुरलीपुरा, महाश्वेता नगर स्थित पानी टंकियों की सफाई का कार्य पूर्ण किया गया।

## खबर एक नजर...

### 5वीं तक के स्कूलों में अवकाश, कक्षा 6 से 8 तक का समय बदला

मन्दसौर। मंदसौर जिले में पिछले कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान में अत्यधिक गिरावट दर्ज की गई है। शीतलहर की स्थिति को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसी उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी शासकीय और अशासकीय (निजी) स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए छुट्टियों की घोषणा की गई है। आदेश अनुसार कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों का 7 से 13 तक अवकाश रहेगा एवं कक्षा 6 से 8 तक संचालित शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शाला संचालन का समय प्रातः 10 से रहेगा। अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियाँ यथा परीक्षा आदि पूर्ववत संचालित रहेंगी। पूर्व में प्रशासन ने कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का 5 व 6 जनवरी को अवकाश घोषित किया था।

### माँ तुझे प्रणाम योजनांतर्गत तीन एनएसएस स्वयं सेविकाओं का चयन

मंदसौर। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, मध्य प्रदेश द्वारा च्माँ तुझे प्रणामज्‌ योजना के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर तीन एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने जयाप्रकाशिका, जानवी जैन और मीना राठौड़ का चयन 5 दिवसीय सांस्कृतिक व शैक्षणिक भ्रमण के लिए हुआ है। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि ये छात्राएं राजस्थान के जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर और अंतर्राष्ट्रीय सीमा का भ्रमण करेंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रवाद, देशभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। इस अवसर पर डॉ. के.आर. सूर्यवंशी और डॉ. ललिता लोधा ने चयनित छात्राओं को बधाई दी।

### नेशनल स्कूल गेम्स के लिए डीना का चयन

मंदसौर। नियुद्ध एयर गन शूटिंग एसोसिएशन की प्रतिभावान निशानेबाज डीना हरतलिया का चयन 69वें नेशनल स्कूल गेम्स के लिए हुआ है। वह इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्पर्धा (राइफल शूटिंग) में पहुंचने वाली मंदसौर की पहली बालिका खिलाड़ी बन गई हैं। डीना वर्तमान में भोपाल में 5 से 9 जनवरी तक आयोजित हो रहे नेशनल स्कूल गेम्स में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। हाल ही में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान पक्का किया था। उनकी इस सफलता का श्रेय प्रशिक्षक नियुद्ध गुरु प्रवीण भंडारी और अजय सिंह चौहान को दिया गया है। नियुद्धाचार्य डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव और श्री राजेंद्र अग्रवाल सहित खेल प्रेमियों ने डीना की इस उपलब्धि को जिले की अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणा बताया है।

# इंदौर में दूषित पेयजल से 15 से अधिक लोगों की मौत के मामले को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



इंदौर में दूषित पेयजल से 15 से अधिक लोगों की मौत के मामले को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने इसे जल त्रासदी बताते हुए सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग की।

कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलवार दोपहर शहीद चौक पहुंचे। हाथों में काले गुब्बारे, तख्तियां और घंटा लेकर कांग्रेसी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। प्रदर्शनकारियों ने साफ पानी दो और सरकार मुदार्बाद जैसे नारे लगाए। इसके बाद दूषित पानी से जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मंत्री चैतन्य काश्यप के स्टेशन रोड स्थित निवास का घेराव करने के लिए पैदल निकले। शहीद चौक से शहर सराय होते हुए लोकेंद्र टॉकीज चौराहे पर पहुंचे। जहां पुलिस ने बेरिकेड्स लगा रखे थे। यहां पुलिस ने रोक लिया। कुछ कार्यकर्ता पुलिस से छिपते हुए न्यू रोड पहुंच गए। जहां पुलिस ने पीछा कर हिरासत में लिया। कांग्रेसियों ने आगे बढने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। कुछ कांग्रेसी दौड़ लगाकर आगे बढ़े, जिन्हें पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस ने कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को बलपूर्वक हिरासत में लेकर पुलिस वाहन में बैठाया। इसके बाद पुलिस वाहन से उन्हें बिलपांक की ओर ले जाया गया। पुलिस कार्रवाई के दौरान एक महिला कांग्रेस कार्यकर्ता बेसुध हो गई। अन्य कार्यकर्ताओं ने उसे संभाला और पानी पिलाया, जिसके बाद उसकी हालत में सुधार हुआ।

### कांग्रेस का आरोप - सरकार नहीं ले रही जिम्मेदारी

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बावजूद प्रदेश सरकार जिम्मेदारी लेने से बच रही है। सरकार सो रही है इसलिए उसे जगाने के लिए हम घंटा बजा रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

# नपा उपयंत्री की पिटाई के विरोध में कर्मचारियों ने 2 घण्टे रखा काम बंद

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



नगर पालिका परिषद में पार्षद पति द्वारा दादागिरी करने का मामला सामने आया है। नगरपालिका अध्यक्ष के केबिन में ही एक पार्षद पति ने सोमवार को सब-इंजीनियर के साथ मारपीट की, जिसके विरोध में नगर पालिका के कर्मचारियों ने मंगलवार को करीब दो घण्टे के लिये काम बंद कर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार, दीपक तंवर से जुड़ी एक फाइल को लेकर सबइंजीनियर रोहित कैथवास व वार्ड क्र. 35 के पार्षद पति विक्रम भैरवे के बीच नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के कक्ष में सोमवार की दोपहर 3.30 से 4 के बीच कहा सुनी हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि पार्षद पति ने इंजीनियर के साथ गाली-गलौज की और उन पर हाथ उठा दिया। इस मारपीट की घटना के बाद नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंगलवार को हड़ताल कर दी। कर्मचारियों ने सुरक्षा और सम्मान की मांग को लेकर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इस प्रकार की घटनाओं पर लगाम नहीं लगी, तो वे और भी उग्र आंदोलन करेंगे।

सब इंजीनियर रोहित कैथवास की लिखित शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी विक्रम भैरवे के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 221, 221 (1), 296 (बी), 351(3) के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी और प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने प्रभारी सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जनसुनवाई में सिंगोली के समीर को पुत्र के उपचार के लिए 12 हजार रुपए की सहायता दी

**नीमच।** कलेक्टोरेट में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई की। जनसुनवाई में कलेक्टर ने सिंगोली के समीर पिता बरकत हुसैन के आवेदन पर पुत्र हसन के ह्दय रोग के आपरेशन एवं उपचार के लिए कलेक्टर ने रेडक्रास नीमच से 12 हजार रुपए की तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। रमा पति प्रकाश चौहान के आवेदन पर कलेक्टर ने सीएमओ मनासा को दूरभाष पर सीमांकन के बाद विवादित दीवार को हटाकर रमा चौहान को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रमा से कहा, कि वे मौके पर पहुचे, न.पा.मनासा की टीम द्वारा उसे तत्काल कब्जा दिलया जाएगा। जनसुनवाई में पिपलिया रावजी के दिव्यांग स्वरूप सिह देवड़ा के आवेदन पर कलेक्टर ने स्वरूपसिह का पेट रोग के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में निःशुल्क व्यवस्था करने के निर्देश भी सिविल सर्जन को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 62 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में न.पा. नीमच से संबंधित एक नामांतरण संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने नामांतरण संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश दिए।

# शहर में पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, 97 संदिग्धों से पूछताछ



ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम।

शहर में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा चाकूबाजी व चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। एसपी अमित कुमार के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर राकेश खाखा के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 5 जनवरी की रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के नेतृत्व में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं चेकिंग की गई।

अभियान के दौरान थाना प्रभारी माणकचौक पतिराम डावरे, थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र सत्येंद्र रघुवंशी, थाना डीडी नगर उपनिरीक्षक अनुराग यादव तथा थाना स्टेशन रोड के उपनिरीक्षक विजय बामनिया के साथ पुलिस टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर बेवजह घूमने वाले एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। पुलिस द्वारा थाना डीडी नगर क्षेत्र से 48, औद्योगिक क्षेत्र से 22, माणकचौक क्षेत्र से 12 तथा स्टेशन रोड क्षेत्र से 15 लोगों सहित कुल 97 संदिग्धों को संबंधित थानों में लाकर पूछताछ की गई एवं आवश्यक समझाइश दी गई। चेकिंग के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर संदिग्ध वाहनों की भी जांच की गई।

# जनसुनवाई के दिन मुख्यालय पर ही रहें पटवारी, मौके पर करें समस्याओं का समाधान-कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

सुशासन भवन स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर अदिती गर्ग ने जिले के सभी पटवारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई के दिन वे अनिवार्य रूप से अपने-अपने हल्का मुख्यालय पर उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का निराकरण करें। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि पटवारी मुख्यालय पर रहकर सीमांकन, बंटवारा, फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को छोटे कामों के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए पटवारी मौके पर ही समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती गर्ग, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने संयुक्त रूप से 47 आवेदकों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। प्रमुख मामलों में थड़ोद निवासी रनवीर सिंह ने बंद सरकारी रास्ते को खुलवाने हेतु आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को तुरंत जांच के निर्देश दिए गए। भैसोदामंडी निवासी सीमा द्वारा सरकारी सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग पर एसडीएम गरोठ को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। अफजलपुर निवासी गनी ने एसआईआर में जानकारी सुधारने हेतु आवेदन दिया, जिसे एसडीएम मंदसौर को सौंपते हुए जांच के आदेश दिए गए।

### रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट

**मन्दसौर।** रुपयों के लेनदेन को लेकर आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट की व जान से मारने की धौंस दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 3 जनवरी की है। जिसकी रिपोर्ट वाय.डी. नगर थाना मंदसौर के कन्हैयालाल पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी रेवास देवड़ा मंदसौर ने की। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी विशाल, लोकेश, निखिल सभी कुमावत निवासी रेवास देवड़ा के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### कंजर गैंग और गेहूं चोरों के बाद अब घर में सेंध लगाने वाला चोर गिरफ्तार

दलौदा पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, जेवर और नकदी बरामद

मन्दसौर। जिले के दलौदा में सिद्धि विनायक कॉलोनी में हुई चोरी के मामले में दलौदा थाना पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर उसके पास से चोरी का मशरूका बरामद किया है। पिछले एक सप्ताह के भीतर दलौदा थाना पुलिस ने तीन बड़ी वारदातों का खुलासा किया है। इसमें वाहन चोर कंजर गैंग, गेहूं चोर गिरोह और अब घर में चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। प्राप्त जानकारी अनुसार बीती 5 जनवरी की रात, सिद्धि विनायक कॉलोनी निवासी फरियादी पंकेश पिता गोपाल कुमावत के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने चांदी के आभूषण और नकदी चुरा लिये थे। पुलिस ने धारा 331(4) और 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी उनि शुभम व्यास के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी राजेन्द्र पिता भारत चन्द्रवंशी निवासी नेतावली थाना रिंगनोद जिला रतलाम को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी से चांदी के आभूषण अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रु. व नकदी 10 हजार रू. जब्त किये है।

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर हिंदू सम्मेलन की तैयारियां चरम पर

पिपलिया मंडी। आर एस एस के शताब्दी वर्ष को लेकर नगर में होने जा रहे 11 तारीख रविवार को हिंदू सम्मेलन के तहत प्रतिदिन नगर में एक मंदिर पर महाआरती का आयोजन रहेगा,जिसके तहत प्रथम दिन की महाआरती 5 जनवरी सोमवार को सायं 8 बजे झूलेलाल मंदिर पुरानी मंडी पर सिंधी समाज के अध्यक्ष रुपचंद होतवानी के मुख्य आतिथ्य में तथा बोल-बम सेवा समिति के प्रमुख किशोर रोचानी की अध्यक्षता में सपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माता बहने एवं पुरुष आरती में सहभागिता कर हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इसी तरह 18 जनवरी को प्रातः 11 बजे गांव खोखरा में सात गांवों के हिंदू सम्मेलन को लेकर खोखला के मांगलिक भवन परिसर में आ.भा,. भागवताचार्य मिथिलेश मेहता के मुख्य अतिथि में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह शक्तावात पूर्व सरपंच रामकिशन पाटीदार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### मुआवजे को लेकर गरीबा को साथी कमल नाथ कहने वाले मांगीलाल सिनम का निधन

मल्हारगढ़ ।अतिवृष्टि से 2019 में चौपट हुई फसलो के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किसानों को बगैर सर्वे के पर्याप्त मुआवजा दिया था। उससे खुश होकर लुनाहेड़ा के किसान मांगीलाल जी सिनम ने कमलनाथ जी की खुल कर तारीफ करी थी। सिनम का 85 वर्ष की आयु में दुःखद निधन हो गया ।उनके निधन पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,मंडलम अध्यक्ष किशोर उणियारा,महेश सेन ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो स्व.सिनम का गरीबा को साथी कमलनाथ वाला वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुवा था

## नवांकुर समितियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् जिला बुरहानपुर में आज जिला कार्यालय पर नवांकुर समितियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया बैठक मे जन अभियान परिषद् के संभागीय अशासकीय सदस्य आदरणीय श्री विनोद मोहिने ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। श्री मोहिने ने नवांकुर समितियों से परिचय एवं कार्यो की जानकारी प्राप्त करने के बाद नवांकुर समितियों को कार्य क्षेत्र मे सामाजिक सरोकारों के कार्यो को करने एवं आदर्श गांव की कल्पना मे क्या कार्य कर नवांकुर समितियां अपनी पहचान अपने कार्यो से कर सकती हैं इसकी जानकारी प्रदान की गई। आपने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर अभियान करते हुए प्रस्फुटन समिति के माध्यम से कार्य करने हेतु नवांकुर समितियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् मनीष कुवादे ने नवांकुर समितियों के कार्यो का का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही जिले मे होने वाले कार्यो की जानकारी से अवगत करवाया। विकासखण्ड समन्वयक खकनार अमजद खान ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिले की नवांकुर समितियां उपस्थित रही।

## कलेक्टर कार्यालय में किया गया जनसुनवाई का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

प्रति मंगलवार की तरह आज भी कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में आवेदक श्री दिलीप हरवाल निवासी बाजार फलीया ग्राम बडी खट्टाली ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पास बी.पी.एल. कार्ड होने के बावजूद भी मुझे एक वर्ष से राशन प्रदाय नही किया जा रहा है, मुझे राशन प्रदाय करवाया जाये। उक्त समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर श्रीमती माथुर ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदक की समस्या की जांच कर समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करे।

एक अन्य आवेदक जो कि आरी फलिया ग्राम राजावाट निवासी श्री चमारिया पिता गणसिया है ने बताया कि उनकी के.सी.सी. ऋण की बंधक ऋण पुस्तिका छुड़वाना है,आवेदक ने बताया कि मैने वर्ष 2022 में बैंक ऑफ इंडिया शाखा आलीराजपुर से के.सी.सी. ऋण लिया था। बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध कराया गया, जिसमें बताया गया कि बंधक ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए तय की राशि जमा करना आवश्यक है।



मैं एकमुश्त समझौते के माध्यम से संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करना चाहता हूँ तथा खसरा रिकॉर्ड से बंधक हटवाना चाहता हूँ,इसके लिए मेरी के.सी.सी. ऋण की बंधक ऋण पुस्तिका मुक्त करायी जाए। कलेक्टर द्वारा उक्त आवेदक की समस्या के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है। एक अन्य आवेदन जोबट नगर के निवासियों द्वारा दिया गया कि नगर के खिजर कॉलोनी में प्रवेश हेतु एक संकरी गली है जिसका उपयोग कई सालों से बच्चों द्वारा विद्यालय जाने, मरीजो द्वारा अस्पताल जाने एवं क्षेत्र वासियो के आवागमन हेतु किया जा रहा है इस गली पर अतिक्रमण कर अपने निजी स्वार्थो के लिए बंद कर दिया गया है,जिससे हम नगर वासियो को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं उक्त गली में आवागमन चालू करवाया जाए। उक्त आवेदन को कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित विभाग को जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी तरह संबल योजना की राशि दिलवाने, पारिवारिक विवाद , आर्थिक सहायता आदि से संबंधित कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल द्वारा भी जनसुनवाई की गई

## कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देश पर जिले के नगरीय क्षेत्रों में पानी की टंकियों की सफाई

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ जल प्रदाय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पानी की टंकियों की साफ-सफाई के निर्देश संबंधित नगर पालिका अधिकारियों को दिए गए। इन निर्देशों के परिपालन में जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में जल प्रदाय टंकियों की सफाई कराई गई। आलीराजपुर नगरीय निकाय अंतर्गत कुल 5 जल प्रदाय टंकियों की सफाई की गई, वहीं जोबट नगरीय निकाय में 2 पानी की टंकियों तथा चंद्रशेखर आजाद नगर में भी 2 पानी की टंकियों की सफाई कराई गई। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के समस्त नगरीय निकायों को नगरीय नल जल प्रदाय योजनाओं से प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करे तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल योजनाओं के सुचारू संचालन और गुणवत्ता मानकों के पालन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## खरगोन में चेक बाउंस के आरोपी नतीन मालवीय को 2 साल की सजा

खरगोन। चेक बाउंस के आरोपी नितीन मालवीय को कोर्ट ने 2 साल की सजा सुनाई है। अधिवक्ता रिकेश जैन इंदौर ने बताया की राकेश चौधरी को 22,50,000/- का चेक 3 साल पहले दिया था। राकेश ने बैंक जाकर चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद राकेश ने न्यायालय में परिवाद दायर किया। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठसीन अधिकारी श्री रोहित कुमार ने 17 दिसंबर 2025 को निर्णय पारित होकर नितीन मालवीय ज्योति नगर, खरगोन को दोषी पाते हुए 2 साल की सश्रम कारावास क्षति के लिए 22.50.000/- प्रतिकर के रूप में और परिवाद प्रस्तुती दिनांक से चेक राशी पर 9 प्रतिशत प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से राशि 26,32,250/- अदा करने का निर्णय दिया।

## हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का भुमि पूजन हुआ

टाण्डा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चुंण्या मण्डल व पुरा मण्डल में हिंदू सम्मेलन के आयोजन हेतु मंगलवार को भुमि पूजन किया गया। जिसमें दोनो मंडल के सभी गांवों से हिन्दू समाज के वरिष्ठ लोग एकत्रित हुए, भूमि पूजन के पूर्व बैठक भी हुई जिसमें आगामी हिंदू सम्मेलन के लिए मंडल एवं सभी गांव की समिति बनाई गई और आयोजन के लिए सभी कार्यों, एवं व्यवस्था के लिए अलग - अलग टोली का निर्माण किया गया। भूमि पूजन मे पूरा व चुंण्या मंडल के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को संत महात्मा, संघ के वक्ता सम्बोधित करेंगे।,आयोजन मे दोनों मंडल के सभी गांवों से प्रत्येक हिंदू घर से हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित होंगे, भुमि पुजन में संयोजक भाया सरपंच, जुवानसिंह,भूरसिंह, धनसिंह, कुंवरसिंह,भीमसिंह, शंकर, रमेश, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## जीवन में हर कार्य बड़ों को पुछकर करना चाहिए - पूज्य गुरूदेव पुष्पानंदन





### दूसरे दिन शिवमहापुराण कथा में अर्धनारीश्वर की झांकी की सुन्दर प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

जीवन में कभी भी कोई कार्य करो तो बड़ो से पुछकर करना चाहिए। बड़े लोग हमेशा सही राह दिखाते है व अपने अनुभव से सही राय देते है। बच्चों को हमेशा मोबाईल से दूर रखना चाहिए। मोबाईल चलाने से बच्चों का मानसिक विकास धीमें होता है। इश्वर शिव है, शिव ही राम है, राम ही कृष्ण है। भगवान ब्रह्मा, विष्णु व महेश है। पैदा करने वाला नही, पालने वाला बड़ा होता है। राम व भगवान का नाम लेने से जीवन का कल्याण होता है।

उपरोक्त विचार आलीराजपुर नगर में वैष्णव धाम पर वैष्णव ग्रुप द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन अंतराष्ट्रीय कथावाचक पं. परम श्रद्धेय श्री पुष्पानंदन जी महाराज (पवन तिवारी जी) कांटाफोड़ वाले ने व्यासपीठ से कही। व्यासपीठ का पूजन प्रहलाद कोठारी, प्रमोद मंत्री एवं अमित मंत्री परिवार ने किया व आरती का लाभ लिया। कथा नीमचौक, एम.जी. रोड़ पर आयोजित की जा रही है। आगे पूज्य पण्डित पुष्पानंदन जी ने कहा कि भगवान शंकर की ज्योति से कालभैरव प्रकट हुए। ज्ञान व संपत्ति का उपयोग करने के लिए गुरूमंत्र लेना चाहिए। गुरू ज्ञान का प्रकाश देता है व अंधकार दूर करता है। गुरू भक्त और भगवान के बीच में तार जोड़ता है व कनेक्शन जोड़ता है। शंकर करूणा से प्रकट होते है। पंचों को परमेश्वर कहा जाता है। जीवन में संकट आये तो भगवान शंकर का नाम लो। जीवन में हमेशा मस्त रहो, आनन्द में रहो। आगे पण्डित जी ने कहा कि जल चढ़ाने की विधि समझाते हुए कहा कि हमेशा जल ताम्बे के लोटे से चढ़ाना चाहिए। मनुष्य को भगवान सत्यनारायण जी की कथा अवश्य करना चाहिए। पण्डित जी ने कथा करने की विधि भी बतायी। अंत में पण्डित जी ने ओम शब्द का विस्तार से उच्चारण बताया। पण्डित जी ने आज अर्धनारीश्वर लीला का भी वर्णन किया।

मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि आज पाण्डाल में अर्धनारीश्वर का झांकी का चित्रण किया गया। अर्धनारीश्वर का पात्र पूजा परवाल ने बखुबी निभाया। संचालन तपस्या सोनी ने किया। कथा 10 जनवरी तक चलेगी। कथा का समय शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक है। दूसरे दिन पाण्डाल पूरा भर जाने से अतिरिक्त कुर्सीया लगाना पड़ी। जैसे ही पुज्य पण्डित जी ने भजन च्पतवार के बिना ही मेरी नाव चल रही हैच, च्मैं तो नही हुँ काबिल, तेरा प्यार कैसे पाउ, टुटी हुई वाणी से गुणगाण कैसे गाउ, तेरी प्रेरणा से ये कमाल हो रहा है,च्च, च्तेरा ही सहारा है, मेरे भोले बाबा, मेरा ही सहारा है, भोले बाबाच्, च्हरि ओम में ओम समाया है, भोले बाबा नगर में आया है गाया, तो पुरा पाण्डाल नृत्य व गरबा रास से झुम उठा। कथा के अंत में महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण हुआ। निवेदक वैष्णव ग्रुप ने आलीराजपुर नगर व आसपास के नगर की समस्त धर्मप्रेमी जनता से सादर अनुरोध किया है कि इस मंगलमय आयोजन में सहपरिवार पधारकर दिव्य रसमय कथा का श्रवण कर आनन्द उठाये। संचालन तपस्या सोनी ने किया।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 2.78 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### खरगोन पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ठगी की पूरी राशि बरामद



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को खरगोन पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की गई पूरी राशि 2 लाख 78 हजार 400 रुपये भी जप्त कर ली है। थाना मंडलेश्वर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 दिसंबर 2025 को फरियादी अरुण निवासी ग्राम मुरल्ला सहित कुल 7 व्यक्तियों ने थाना मंडलेश्वर में शिकायत दर्ज कराई थी कि अजय पिता हरिराम मंशोरे निवासी ग्राम छोटी खरगोन, थाना मंडलेश्वर ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे कुल 2,78,400 रुपये की धोखाधड़ी की है और इसके बाद फरार हो गया। शिकायत के आधार पर थाना मंडलेश्वर में अपराध क्रमांक 370/2025, धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविंद्र वर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती शकुन्तला रुहल एवं एसडीओपी मंडलेश्वर श्रीमती श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मंडलेश्वर उप निरीक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की गई। आरोपी शातिर किस्म का होने से बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था।

संभावित स्थानों पर दबिश दी गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। अंततः पुलिस को सफलता मिली और आरोपी अजय मंशोरे को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने नौकरी के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने ठगी की गई पूरी राशि 2,78,400 रुपये विधिवत जप्त की। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।इस संपूर्ण कार्रवाई में एसडीओपी मंडलेश्वर श्रीमती श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में प्रवीण निकुम, रमेश वास्कले, संजय , अनिल ,दिनेश, गुमानसिंह, अमित, अभिषेक एवं राजकुमार दुबे का विशेष योगदान रहा।

## दाहोद खरगोन मार्ग पर चौड़ीकरण, पोल शिफ्ट का कार्य जल्द शुरू होगा

**आलीराजपुर।** शहर की प्रमुख मार्ग दाहोद खरगोन में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जल्द ही पोल शिफ्ट कर मार्ग चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने दी। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि शहर के मध्य इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए पोल शिफ्ट कर सड़क चौड़ीकरण की योजना पूर्व में बनाई गई थी , वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त स्वीकृति एवं बजट के बाद इस योजना को अब मूलरूप दिया जाएगा। जल्द ही नियमानुसार कार्यवाही कर कार्य प्रारंभ कर मुख्यालय पर लोगो को आवगमन में राहत मिलेगी ।


## महासम्मेलन हेतु कोरकू कल्याण समिति द्वारा अनाज इकट्ठा किया गया

बुरहानपुर। बुरहानपुर के कोरकू कल्याण समिति द्वारा ग्राम रायतलाई और झिरमिठी में आदिवासी एकता परिषद महाकुंभ महासम्मेलन हेतु अन्न संग्रह किया गया है। नेपानगर तहसील के ग्राम चेनपुरा में विशाल भव्य दिव्य आदिवासी एकता परिषद महासम्मेलन आयोजन किया जा रहा है। आगामी दिनांक 13, 14, 15 जन.को इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं आर्थिक सहयोग श्रमदान अन्न दान किया जा रहा है। समस्त आदिवासी भाई बहनों से निवेदन है कि इस कार्यक्रम अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनाने केलिए युवा शक्ति एवं नारी शक्ति से अपील की गई है। श्री केशवराम भीलावेकर हिरालाल मोरे आडा पटेल किसन महाराज बैठे कर ताराचंद मोरे बालीका पटेल समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे है।

## कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर में ई-विकास प्रणाली हेतु दिया प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

जिले में किसानों को सुलभता, सरलता, रियल टाइम और पारदर्शिता के साथ उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई ई-विकास प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, आलीराजपुर के सभागार में हुआ। प्रशिक्षण हेतु नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स ?द्वारा प्रथम सत्र के दौरान ई-टोकन प्रणाली के तकनीकी पहलुओं, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और पारदर्शी लेनदेन करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में जिले की समस्त सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं पंजीकृत निजी थोक एवं रिटेल उर्वरक विक्रेताओं को खुदरा स्तर पर ई-टोकन सिस्टम के प्रयोग, किसानों को सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया और सिस्टम में होने वाली संभावित चुनौतियों के समाधान से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया।अधिकारियों ने बताया कि इस नई तकनीकी पहल से न केवल किसानों को उर्वरक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी,बल्कि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ेगी।



# फेमस हंगेरियन फिल्ममेकर बेला टार का निधन

**70 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, सोशल मुद्दे पर फिल्म बनाने के लिए मशहूर थे**

सैटेन टांगो, डेमनेशन और वर्कमाइस्टर हार्मनी जैसी फिल्में बनाने वाले फेमस हंगेरियन फिल्ममेकर बेला टार का 70 साल की आयु में निधन हो गया है। द यूरोपियन फिल्म अकादमी ने इस खबर की घोषणा करते हुए बताया कि टार का 6 जनवरी को लंबी और गंभीर बीमारी के बाद निधन हो गया। अकादमी की तरफ से जारी स्टेटमेंट में कहा गया- 'यूरोपियन फिल्म अकादमी एक आउटस्टैंडिंग डायरेक्टर और सशक्त राजनीतिक आवाज वाले व्यक्तित्व के निधन पर शोक व्यक्त करती है। उनका न केवल उनके सहयोगियों द्वारा गहरा सम्मान किया जाता था बल्कि दुनिया भर की ऑडियंस उन्हें सराहती थी। शोक संतप्त परिवार मीडिया और लोगों से सहानुभूति की अपील करता है और अनुरोध करता है कि इन कठिन दिनों में उनसे कोई बयान न मांगा जाए।'

बता दें कि टार अपनी एक्सपेरिमेंटल, डार्क और ब्लैक एंड वाइट फिल्मों के लिए जाने जाते थे। वो आम लोगों की लाइफ को नए अंदाज में पेश करते थे। अपनी फिल्मों में ग्रामीण हंगेरियन लाइफ को दिखाते थे। बेला टार का जन्म 1955 में हुआ था और उन्होंने हंगरी के सबसे बड़े स्टूडियो में से एक बालाज बेला स्टूडियो से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने साल 1977 में अपनी पहली फीचर फिल्म 'फैमिली नेस्ट' रिलीज की, जो कम्युनिस्ट हाउसिंग में रहने वाले युवा परिवार के बारे में एक डार्क सोशल ड्रामा थी।

# रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं दीपिका पादुकोण

**बोलीं- मैं और मेरी टीम इसकी तलाश में रणवीर सिंह के साथ जोड़ी बनते देखना चाहते फैंस**





हाल ही में दीपिका पादुकोण ने मुंबई में अपने फैंस के लिए एक स्पेशल फैन मीट सेशन रखा था। इस दौरान एक्ट्रेस देश भर के 50 फैंस से मिलीं। इस सेशन में फैंस ने दीपिका से खूब सवाल पूछे और उन्होंने सबका जवाब भी दिया।

सेशन के दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि वो कब किसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी? इस पर उन्होंने जवाब दिया- मुझे पूरी उम्मीद है कि बहुत जल्द। जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह मेरी पसंदीदा जोनर है। एक ऑडियंस के तौर पर भी और एक एक्ट्रेस के तौर पर भी।

मुझे लगता है कि अभी का माहौल दर्शक कुछ अलग देखना चाहते हैं। लेकिन अगर आप में से इतने सारे लोग रोमांटिक कॉमेडी देखना चाहते हैं, तो मुझे यकीन है कि पब्लिक का एक बड़ा हिस्सा यही चाहता है।

जैसे ही दीपिका ने यह कहा एक फैन ने ऋतिक रोशन का नाम लिया। सेशन के होस्ट ने इस बात पर वहां मौजूद फैंस से एक एक पोल कराया कि रोमांटिक कॉमेडी में दीपिका को किसके साथ काम करना चाहिए... ऋतिक रोशन, शाहरुख खान या उनके पति रणवीर सिंह।

फैंस ने शाहरुख और ऋतिक के नाम पर चीयर किया लेकिन सबसे ज्यादा रणवीर सिंह के नाम को समर्थन मिला।

बातचीत के दौरान, दीपिका ने शाहरुख खान, रणवीर सिंह या रणबीर कपूर के साथ एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में स्क्रीन साझा करने की संभावना के बारे में बात की और स्वीकार किया कि वो इस जोनर में अच्छी कहानियों की तलाश कर रही हैं। ऐसी अफवाह चल रही है कि दीपिका अयान मुखर्जी की अगली रोमांटिक फिल्म के लिए रणबीर कपूर के साथ काम कर सकती हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। उन्होंने कहा- 'यह ऐसी चीज है जिसकी तलाश में मैं और मेरी टीम लगी रहती हैं। हम लगातार ड्रामा, लव स्टोरी, रोमांटिक कॉमेडी, जैसे जोनर की फिल्में ढूंढते रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि इस तरह के कंटेंट को सपोर्ट करने वाले या इस समय इस तरह की फिल्में और टीवी शो लिखने वाले बहुत कम मेकर्स हैं। दीपिका ने अपने फैंस से यह भी पूछा कि क्या वे रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को ओटीटी पर देखना पसंद करेंगे या थिएटर में।



# विक्रम भट्ट की एफआईआर रद्द करने की मांग खारिज

**7 दिसंबर से जेल में हैं, राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा- ये कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन नहीं, धोखाधड़ी जानबूझकर की गई**

पॉपुलर फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद हैं। हाल ही में विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर रद्द करने के लिए एक याचिका दायर की गई थी, जिसे राजस्थान हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है।

राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका में हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस समीर जैन ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि धोखाधड़ी का ये मामला महज कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन नहीं है, बल्कि ये जानबूझकर की गई धोखाधड़ी का है। इस मामले में पुलिस जांच जारी रहेगी। विक्रम भट्ट की याचिका में एफआईआर रद्द करने का अनुरोध करते हुए कहा गया था कि ये मामला आपराधिक नहीं है। उनके वकील ने सुनवाई के दौरान दलील दी थी कि ये मामला धोखाधड़ी का नहीं बल्कि दो पार्टी के बीच हुए कॉन्ट्रैक्ट के उल्लंघन का है। उन्होंने अपील की थी कि समझौते के तहत विवाद को सुलझाने का अधिकार मुंबई में होना चाहिए न कि राजस्थान में।

**दो बार रद्द हुई जमानत याचिका-** बता दें विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी 7 दिसंबर से जेल में बंद हैं। उन्होंने दो बार जमानत याचिका दायर की थी, हालांकि दोनों बार उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई।


**क्या है 30 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला-** राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की एफआईआर उदयपुर में दर्ज कराई थी। डॉ. अजय मुर्डिया का आरोप है कि एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी। दिनेश कटारिया ने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया।

# करूर भगदड़ केस- विजय थलापति को सीबीआई ने समन भेजा

**पूछताछ के लिए 12 जनवरी को पेश होने कहा, चार्जशीट दाखिल करने पर करेगी विचार**

एक्टर-पॉलिटिशन विजय थलापति को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने करूर भगदड़ मामले में 12 जनवरी को पेश होने के लिए समन भेजा है। ये भगदड़ पिछले साल 27 सितंबर को करूर जिले के विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम की रैली के दौरान हुई थी।

न्यूज एजेंसी पीटीआई की खबर के मुताबिक, सीबीआई ने इस मामले के संबंध में तमिलगा वेट्री कजगम के कई पदाधिकारियों से पूछताछ की है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने अब इस मामले के संबंध में विजय को तलब करने का फैसला किया है, जिसके बाद वह इस मामले में चार्जशीट दाखिल करने पर विचार कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने एसआईटी से मामला अपने हाथ में ले लिया और जांच एजेंसी तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को विजय द्वारा संबोधित एक राजनीतिक बैठक के दौरान हुई भगदड़ से संबंधित सबूत जुटा रही है। बता दें कि 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत और 60 से ज्यादा घायल हुए थे।



**राजनीति में आने के बाद एक्टिंग से संन्यास लिया**

2 फरवरी को पार्टी लॉन्च की थी एक्टर विजय ने 2 फरवरी को अपनी पार्टी लॉन्च की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। चुनाव आयोग ने 8 सितम्बर को उनकी पार्टी को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी थी। विजय ने 29 दिसंबर को अपनी फिल्म 'जन नायकन' के ऑडियो लॉन्च पर एक्टिंग से संन्यास लेने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। 9 जनवरी अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली 'जन नायकन' उनकी आखिरी फिल्म होगी।



**एक्टर को देखने जरूरत से ज्यादा भीड़ पहुंची**

- 27 सितंबर तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम यानी टीवीके की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बताया गया है कि 9 साल की एक बच्ची गुम हो गई थी। विजय ने मंच से उसे तलाशने की अपील पुलिस और अपने लोगों से की, जिसके बाद वहां भगदड़ जैसे हालात बन गए।
- भीड़ में फंसने से कई लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई और कई लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। हालात बिगड़ते देख विजय ने भाषण रोक दिया और लोगों से शांति की अपील की। इसके बाद वे भाषण छोड़कर निकल गए। विजय की रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमिशन थी। प्रशासन को 50 हजार लोगों के जुटने का अनुमान था, लेकिन वहां करीब 1 लाख 20 हजार लोग एकत्र हो गए थे।

खेल मंत्री मनसुखलाल मांडविया ने घोषणा की, कोर्ट केस के कारण 9 महीने की देरी हुई

# 14 फरवरी से शुरू होगा आईएसएल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत का फुटबॉल फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग अब 14 फरवरी से खेला जाएगा। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुखलाल मांडविया ने मंगलवार शाम इस बात की घोषणा की।

मांडविया ने कहा, 'कोर्ट केस के कारण टूर्नामेंट शुरू नहीं हो पा रहा था, लेकिन आज सरकार और एआईएफएफ ने टूर्नामेंट की 14 टीमों के साथ मिलकर फैसला किया कि लीग फिर से शुरू की जाएगी।'

9 महीने बाद शुरू हो पाएगा आईएसएल पिछले साल दिसंबर में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और रिलायंस फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के बीच आईएसएल का मास्टर राइट्स एग्रीमेंट खत्म हो गया था। जिस कारण टूनार्मेंट शुरू नहीं हो पाया।

एआईएफएफ और एफएसडीएल में एग्रीमेंट बढ़ाने की चर्चा हुई, लेकिन समाधान नहीं निकल सका। जिस कारण एफएसडीएल ने टूर्नामेंट शुरू ही नहीं होने दिया। एआईएफएफ ने कमर्शियल राइट्स बेचने के लिए टेंडर जारी किया, लेकिन किसी भी पार्टी ने इंटरेस्ट नहीं दिखाया। कंपनियों का कहना था कि एआईएफएफ ने राइट्स खरीदने के लिए जरूरत से ज्यादा बेस प्राइस रख दिया।

टीमों ने प्रैक्टिस भी बंद कर दी एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच कन्फ्यूजन की स्थिति को देखते



हुए आईएसएल की टीमों ने प्रैक्टिस प्रोग्राम बंद कर दिए। टूर्नामेंट के भविष्य पर संकट को देखते हुए स्पॉन्सर ने भी अपने हाथ खींचने शुरू कर दिए। नई दिल्ली में मीटिंग के बाद मांडविया ने कहा, 'जब तक खिलाड़ियों को लगातार खेलने का मौका नहीं मिलेगा, तब तक देश खेलों में आगे नहीं बढ़ पाएगा।' 91 मैच खेले जाएंगे एआईएफएफ प्रेसिडेंट कल्याण चौबे ने कहा, टूर्नामेंट में 14 टीमों के बीच 91 मैच खेले जाएंगे। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 होम और अवे मैच खेलेगी। आईएसएल के साथ ही क्-लीग भी चलेगी। जिसमें 11 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे। 1-लीग के डिविजन-1 और डिविजन-2 में 5 जोन की 40 टीमें हिस्सा लेंगी। इस दौरान इंडियन विमेंस लीग भी 2 डिविजन को मिलाकर खेली जाएगी। आईएसएल के लिए एआईएफएफ 10.30 करोड़ रुपए (40%) का फंड लगाएगा, जबकि बाकी पैसा खेल मंत्रालय के एनुअल कैलेंडर फॉर ट्रैनिंग एंड कॉम्पिटिशन से लगाया जाएगा। वहीं 3.20 करोड़ रुपए 1-लीग और आईडब्ल्यूएल के लिए रहेंगे, जो एआईएफएफ ही देगा।

## डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 का पहला खिताब जीता

### एमआई एमिरेट्स को 46 रन से हराया, कप्तान सैम करन ने नाबाद 74 रन बनाए




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आईएलटी20 को अपना नया चैंपियन मिल गया है। 4 जनवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में डेजर्ट वाइपर्स ने टक एमिरेट्स को 46 रन से हराकर पहली बार आईएलटी20 का खिताब जीता। पिछले दो सीजन में फाइनल में हार झेलने वाली डेजर्ट वाइपर्स के लिए सैम करन ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 74 रन की पारी खेली। यह उनके आईएलटी20 करियर का बेस्ट स्कोर भी है। सैम करन ने नाबाद 74 रन की पारी खेली टकएमिरेट्स ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। वाइपर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 182 रन बनाए। कप्तान सैम करन ने 51 बॉल पर नाबाद 74 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उनके साथ मैक्स होल्डन (41) और डैन लॉरेंस (23) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। टकएमिराट्स के लिए फजलहक फारूकी को 2 और अरब गुल को 1 विकेट मिला।

## बांग्लादेश ने आईपीएल का प्रसारण बैन किया




### मुस्तफिजुर को लीग से बाहर किए जाने पर फैसला, टी-20 वर्ल्डकप में टीम भी भारत नहीं भेजेगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

बांग्लादेश सरकार ने देश में आईपीएल के प्रसारण पर बैन लगा दिया है। वहां के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इस संबंध में निर्देश जारी किए। इसमें लिखा गया कि बीसीसीआई ने 26 मार्च से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग में बांग्लादेश के क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से बाहर करने का निर्णय लिया है।

बयान में कहा गया कि इस निर्णय के पीछे कोई ठोस या तार्किक कारण नहीं था। यह फैसला बांग्लादेश की जनता के लिए अपमानजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। ऐसे में अगले निर्देश तक आईपीएल के सभी मैच के प्रचार, प्रसारण और पुनः प्रसारण को बंद रखने के निर्देश दिए जाते हैं। एक दिन पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था। इतना ही नहीं, बीसीबी ने आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका में कराने का अनुरोध किया था। इउइ ने इस मीडिया रिलीज में जानकारी दी। बीसीसीआई ने रहमान को आईपीएल से बाहर किया था 3 जनवरी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद इउउकने शाहरुख खान की आईपीएल टीम केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

## शमी को फिटनेस साबित करने की जरूरत नहीं : इरफान पठान

### 200 ओवर फेंक चुके, आईपीएल में लय दिखी तो कोई नजरअंदाज नहीं कर पाएगा



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर उठ रहे सवालों पर आपत्ति जताई है। इरफान ने कहा- शमी वापसी के बाद अब तक 200 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं, ऐसे में फिटनेस पर सवाल करना समझ से बाहर है। उन्हें अब इसे साबित करने की जरूरत नहीं हैं।

पता नहीं चयन समिति क्या चाहती है इरफान ने कहा- अब इससे ज्यादा सुधार क्या चाहिए, यह तो सिर्फ चयन समिति ही जानती है। अगर मैं शमी की जगह होता तो आईपीएल में जाकर नया गेंद संभालता और ऐसा प्रदर्शन करता कि सबको जवाब मिल जाए।

उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन की बात होती है, लेकिन आईपीएल में अगर शमी अपनी पुरानी लय और फिटनेस दिखा देते हैं तो उन्हें नजरअंदाज करना किसी के लिए आसान नहीं होगा। पूरी दुनिया आईपीएल देखती है। वहां अच्छा किया तो टीम में वापसी अपने आप हो जाएगी। शमी के लिए दरवाजे बंद नहीं होने चाहिए।

**न्यूजीलैंड सीरीज में नहीं चुना गया मोहम्मद शमी को-** न्यूजीलैंड के खिलाफ न तो वनडे न ही टी-20 सीरीज में चुना गया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी। इसके बाद दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगी।

**टखने की सर्जरी के बाद से इंग्लैंड के खिलाफ वापसी की-** शमी ने पिछले साल टखने की सर्जरी कराई थी। उसके बाद उनके दाएं घुटने में दर्द होने लगा था। इसी वजह से उन्हें भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भी नहीं चुना गया था। शमी ने आखिरी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड में खेला था। उन्हें 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए भारतीय टीम में चुना गया था।

## सिडनी में ट्रैविस हेड का पहला शतक



ब्रह्मास्त्र ›› सिडनी

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने तीसरे दिन के पहले सेशन में जोश टंग की गेंद पर कवर ड्राइव के जरिए चौका लगाते हुए 105 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

यह ट्रैविस हेड के टेस्ट करियर का 12वां शतक है। मौजूदा एशेज सीरीज में यह उनका तीसरा शतक है, जबकि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर यह उनका पहला टेस्ट शतक रहा। लंच तक ऑस्ट्रेलिया 281/3 तीसरे दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 281 रन बना लिए थे। ट्रैविस हेड 160 गेंदों में 162 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले, दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट पर 166 रन बनाए थे, तब हेड 91 रन बनाकर नाबाद लौटे थे। 121 रन पर मिला जीवनदान हेड की इस पारी के दौरान उन्हें 121 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला। बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे ब्रायडन कार्स की गेंद पर विल जैक्स ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद हेड ने इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाना जारी रखा। इससे पहले मैथ्यू पॉट्स के 44वें ओवर में हेड ने शुरूआती तीन गेंदों पर लगातार तीन चौके लगाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 200/2 तक पहुंच गया।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### रबी सीजन में अब तक

## 634 लाख हेक्टेयर में बुवाई



### धान-मक्का और गेहूं में रही तेजी, जौ और चने में गिरावट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कृषि मंत्रालय के अनुसार रबी सीजन में अब तक 634.14 लाख हेक्टेयर में बुवाई हो चुकी है, जो पिछले साल से 16.4 लाख हेक्टेयर अधिक है। गेहूं की बुवाई 6.3% बढ़कर 334.7 लाख हेक्टेयर और धान की 17.57 लाख हेक्टेयर हो गई है। दलहन की बुवाई भी बढ़कर 134.3 लाख हेक्टेयर दर्ज की गई है।

रबी सीजन में इस बार बंपर बुवाई हुई है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 2 जनवरी तक 634.14 लाख हेक्टेयर में बुवाई हो चुकी है। 2024-25 में समान अवधि में 617. 74 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई थी। इस साल कुल बुवाई में 16.40 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। गेहूं की बुवाई 6.3 फीसदी अधिक हुई है। इस बार खरीफ सीजन में गेहूं की बुवाई 334.7 लाख हेक्टेयर में हो गई है।

2024- 25 में यह 328.4 लाख हेक्टेयर थी। धान की बुवाई 14.5 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 17.57 लाख हेक्टेयर हो गई है। अधिक समय तक हुई बारिश के बाद भी मिट्टी में नमी से बुवाई बढ़ी है।?दलहन की बुवाई 134.30 लाख हेक्टेयर में हुई है जो एक साल पहले 130. 87 लाख हेक्टेयर थी। चना 17.5 लाख हेक्टर में बोया जा चुका है। श्री अन्न यानी मोटे अनाज का रकबा 51.69 लाख हेक्टेयर रहा। पिछले साल इसी सीजन में यह 50.66 लाख हेक्टेयर था। इसमें ज्वार की बुवाई 22 लाख हेक्टेयर से घटकर 20.74 लाख हेक्टेयर रह गई है। मक्का ने रिकॉर्ड बनाया है।

### सिर्फ थर्ड-पार्टी कवर से आधी सुरक्षा, जोखिम बना भारी

# कार सेफ्टी के लिए बढ़ी समग्र बीमा की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कई कार मालिक सिर्फ अनिवार्य और सस्ते थर्ड-पार्टी बीमा पर निर्भर रहते हैं, जो केवल दूसरों को हुए नुकसान को कवर करता है। दुर्घटना के बाद उन्हें अपनी कार की मरम्मत का पूरा खर्च खुद उठाना पड़ता है। बढ़ती दुर्घटनाओं, कारों की ऊंची कीमत, चोरी, तोड़फोड़ और बाढ़ जैसी आपदाओं को देखते हुए, अब खरीदार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस की ओर बढ़ रहे हैं, क्योंकि यही अपनी कार को पूरी सुरक्षा देता है।

रमेश ने जीएसटी रियायत का लाभ उठाकर नई कार खरीदी। जब बीमा लेने की बात आई, तब नियमों को पूरा करने के लिए, सिर्फ वही बीमा लिया, जो कानूनी रूप से अनिवार्य था-यानी सस्ता थर्ड पार्टी बीमा। एक दिन रमेश की कार आगे चल रही दूसरी कार से टकरा गई। दोनों कार को अच्छा-खासा नुकसान हुआ। रमेश की बीमा कंपनी ने दूसरी कार के नुकसान की भरपाई तो कर दी, लेकिन रमेश को अपनी कार की मरम्मत का खर्च खुद उठाना पड़ा।

भारत में ज्यादातर कार मालिक वर्षों से थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस लेते आए हैं, क्योंकि यह अनिवार्य और सस्ता है...लेकिन इसमें एक पेच है, यह केवल दूसरों को हुए नुकसान को ही कवर करता है, जिससे आपकी अपनी कार असुरक्षित रह जाती है। सड़कों पर बढ़ते वाहनों, हर साल होने वाली लाखों दुर्घटनाओं, कारों की ऊंची कीमत, चोरी और तोड़-फोड़ के डर के अलावा हर साल जलवायु और प्राकृतिक आपदाओं के कारण अब नए कार मालिक कॉम्प्रिहेंसिव कार इंश्योरेंस की ओर समझदारी से रुख कर रहे हैं, क्योंकि दुर्घटना, बाढ़ या चोरी जैसी अप्रत्याशित घटना में कोई भी अपनी जेब को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता है।

**3+3 प्लान का नया ट्रेंड-** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 01 सितंबर, 2018 से सभी नई कारों के लिए, तीन साल का मल्टी-ईयर थर्ड पार्टी कार बीमा अनिवार्य है। थर्ड पार्टी बीमा के साथ ही अब मल्टी-ईयर ओन्ड डैमेज बीमा खरीदने का ट्रेंड रफ्तार पकड़ रहा है।



### इसे उदाहरण से समझते हैं:

- एक साल के लिए कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस का प्रीमियम =18,000 रुपये
- 03 साल तक रिन्यू कराया तो = 54,000 रुपये
- 10% छूट के साथ प्रीमियम = 48,600 रुपये
- कुल बचत = 5,400 रुपये
- मल्टी-ईयर पॉलिसी पहली बार कार खरीदने वालों, रिस्क से बचने वालों और सुविधा व अनुपालन को प्राथमिकता देने वालों के लिए सबसे उपयुक्त है।

### बीमा कंपनियों की तुलना करें

रिन्यूअल का मतलब यह नहीं है कि आपको उसी कंपनी के साथ रहना है। विभिन्न बीमाकर्ताओं की ऑनलाइन तुलना करें। केवल प्रीमियम नहीं, बल्कि उनकी क्लेम सेटलमेंट रेश्यो, ग्राहक सेवा, और कैशलेस गैराज का नेटवर्क भी देखें।

- थर्ड पार्टी बनाम समग्र (कॉम्प्रिहेंसिव) कार बीमा में अंतर
- पैरामीटर थर्ड पार्टी कार बीमा कॉम्प्रिहेंसिव बीमा कवर
- पॉलिसी कवरेज बीमित वाहन के कारण थर्ड थर्ड पार्टी की देनदारियों
- पार्टी की चोट, मृत्यु और और बीमित कार को हुए
- संपत्ति नुकसान का कवर नुकसान, दोनों का कवर
- कानूनी मांग भारतीय मोटर कानून के वैकल्पिक,
- अनुसार अनिवार्य है अनिवार्य नहीं
- मुख्य सीमाएं बीमित कार के नुकसान थर्ड पार्टी कार बीमा
- को कवर नहीं करता है से महंगा होता है
- प्रीमियम सस्ता, आईआरडीएआई कार इंजन थर्ड पार्टी से अधिक। कार के मेक
- क्षमता के आधार पर और मॉडल, वाहन रजिस्ट्रेशन क्षेत्र और चुने
- प्रीमियम तय करता है गए राइडर्स पर आधारित होता है
- ऐड-ऑन कवर उपलब्ध नहीं जीरो डेप, एनसीबी प्रोटेक्ट, रोडसाइड असिस्टेंस

- मल्टी-ईयर कार इंश्योरेंस पॉलिसी से प्रीमियम में काफी बचत होती है।
- जब कोई ग्राहक तीन साल की पॉलिसी खरीदता है, तो प्रीमियम दर आज की कीमत पर लॉक हो जाती है।
- यह उन्हें महंगाई या बढ़ती मरम्मत लागत के कारण होने वाली वार्षिक प्रीमियम बढ़ोतरी से बचाता है।

### जानना जरूरी है , बीमा रिन्यूअल...रखें ध्यान


- सही आईडीवी (इंश्योर्ड डिक्लेयर्ड वैल्यू) : वह अधिकतम राशि, जिसका भुगतान बीमा कंपनी कार चोरी होने या पूर्ण क्षतिग्रस्त होने पर करेगी।
- **संतुलन बनाएं :** मूल्यह्रास के कारण हर साल आईडीवी घटता है। सुनिश्चित करें कि आपका आईडीवी न तो बहुत कम हो और न ही बहुत अधिक।
- **नो क्लेम बोनस का उपयोग करें :** यदि आपने पिछली पॉलिसी में कोई क्लेम नहीं लिया, तो एनसीबी के तहत प्रीमियम पर छूट मिलेगी।
- आईआरडीएआई ने यूनिफॉर्म नो क्लेम बोनस ग्रिड तैयार किया है, जिसके आधार पर आप मिलने वाली छूट का दावा कर सकते हैं:-

01 वर्ष (पहला नवीनीकरण) : 20%
02 वर्ष (दूसरा नवीनीकरण) : 25%
03 वर्ष (तीसरा नवीनीकरण) : 35%
04 वर्ष (चौथा नवीनीकरण) : 45%
05 वर्ष (पांचवां नवीनीकरण) : 50%
05 वर्ष के बाद 50% पर बरकरार रहता है।

- छोटे क्लेम से बचें...यदि मरम्मत का खर्च एनसीबी छूट से कम है, तो क्लेम करने से बचें।
- एनसीबी ट्रांसफर...यदि बीमा कंपनी बदल रहे हैं, तो आपका ठउइ नई पॉलिसी में ट्रांसफर करें।
- अपनी वर्तमान जरूरतों के आधार पर कवरेज और ऐड-ऑन की समीक्षा करें :
- **जीरो डेप्रिसिएशन :** नई या 05 साल तक की पुरानी कारों के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।
- इंजन प्रोटेक्ट ल्ल रोडसाइड असिस्टेंस
- यदि आपकी कार बहुत पुरानी हो गई है या आपकी जरूरतें बदल गई हैं, तो उन ऐड-ऑन को हटा दें जिनकी अब आवश्यकता नहीं है।

### लग्जरी कार खरीददारों में ईवी का हो रहा मोहभंग

# पारंपरिक इंजन वाले वाहनों की बढ़ रही मांग




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के ईवी सेगमेंट में लग्जरी कारों की बिक्री में गिरावट आई है और लोग पारंपरिक इंजन वाली गाड़ियों को खरीदने में रुचि ले रहे हैं। ऑटो इंडस्ट्री के विशेषज्ञों ने बताया कि जीएसटी दरों में बदलाव के चलते ये बदलाव देखने को मिल रहा है।

देश में जीएसटी बदलावों का असर ऑटो इंडस्ट्री में साफ दिख रहा है। दरअसल लग्जरी कार खरीददारों में ईवी गाड़ियों का मोहभंग हो रहा है और लोग फिर से पारंपरिक इंजन वाली गाड़ियों को खरीद रहे हैं। इंडस्ट्री के जानकारों के अनुसार, जीएसटी 2.0 के दौर में लग्जरी कार सेगमेंट में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री में तीन फीसदी की गिरावट आई है। इसकी वजह टोटल कोस्ट ऑफ ऑनरशिप को बताया जा रहा है।

**जीएसटी दरों में बदलाव का दिखा असर-** गाड़ियों के बड़े बाजार में भी पारंपरिक इंजन यानी इंटरनल कम्बशन इंजन की खरीद बढ़ रही है, लेकिन लग्जरी वाहनों में ये बदलाव ज्यादा देखा जा रहा है। बीते साल सितंबर में जीएसटी की दरों में बदलाव हुआ है। इस बदलाव के तहत 1200 सीसी से कम और 4000 एमएम से कम लंबी पेट्रोल, एलपीजी और सीएनजी गाड़ियों और 1500 सीसी की डीजल गाड़ियों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ 1200 सीसी से ज्यादा और 4000 एमएम से लंबी गाड़ियों पर जीएसटी 15-22 प्रतिशत के बीच रखा गया है।

### क्या कहते हैं ऑटो इंडस्ट्री के दिग्गज

- मर्सिडीज-बेंज इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ संतोष अय्यर का कहना है, 'अगर मैं अक्टूबर और नवंबर (2025) को देखूं, तो मध्यम और बजट वाहनों के साथ-साथ लग्जरी सेगमेंट में भी ईवी की बिक्री में 2 से 3 प्रतिशत की गिरावट हुई है, क्योंकि पारंपरिक इंजन वाले वाहनों का टीसीओ (टोटल कॉस्ट ऑफ ओनरशिप) ईवी की तुलना में काफी बेहतर है। इसलिए लोग फिर से पारंपरिक इंजन वाले वाहनों का रुख कर रहे हैं।
- बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने कहा, जीएसटी 2.0 ने हमारे पारंपरिक इंजन वाले वाहनों के पोर्टफोलियो को और अधिक आकर्षक बनाया है। हम ईवी की मांग में भी मजबूत और लगातार गति देख रहे हैं। आज ग्राहक सिर्फ कीमत से प्रभावित नहीं होते हैं। वे कम संचालन लागत और भविष्य के लिए तैयार टेक्नोलॉजी को महत्व देते हैं।'

### भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश

# 15.18 करोड़ टन उत्पादन के साथ चीन को छोड़ा पीछे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारत ने चावल उत्पादन में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। भारत अब 15.18 करोड़ टन उत्पादन के साथ दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बन गया, जो चीन के 14.5 करोड़ टन से अधिक है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 25 फसलों की 184 नई किस्में लॉन्च कीं, जो किसानों को उच्च पैदावार और बेहतर गुणवत्ता देंगी।

भारत चावल उत्पादन के मामले में पड़ोसी चीन को पीछे छोड़ते हुए अब दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, भारत का चावल उत्पादन बढ़कर 15.18 करोड़ टन के स्तर पर पहुंच गया है, जो चीन के 14.5 करोड़ टन की तुलना में अधिक है। यह देश की एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। चौहान ने 25 फसलों की 184 नई किस्में जारी करते हुए कहा, देश में प्रचुर मात्रा में अनाज का भंडार है, जिससे भारत की खाद्य सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित होती है।

खास बात यह है कि भारत भोजन की कमी वाले देश से वैश्विक खाद्य प्रदाता बन गया है और विदेशी बाजारों में चावल आपूर्ति कर रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर कीमतें नियंत्रित रखने में मदद मिल रही है। कृषि मंत्री ने एक कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से विकसित 25 क्षेत्रीय फसलों की 184 उन्नत किस्मों का अनावरण किया। उन्होंने आगे कहा, ये 184 उन्नत किस्में किसानों के लिए लाभकारी होंगी, क्योंकि इससे उन्हें उच्च पैदावार और बेहतर गुणवत्ता वाली उपज प्राप्त होगी। साथ ही, फसल उत्पादन बढ़ने से किसानों की आय में वृद्धि होगी। कृषि मंत्री ने कहा, देश ने अधिक उपज देने वाले बीजों के विकास में बड़ी सफलता हासिल की है। अधिक उपज देने वाले और जलवायु के अनुकूल बीजों के विकास के बल पर देश कृषि क्रांति के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये किस्में किसानों तक जल्द पहुंचें।

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट बुधवार को आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई करेगा। मामला जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की स्पेशल बेंच में लिस्टेड है। यह मामला 28 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट के एक्शन से शुरू हुआ था, जब दिल्ली में आवारा कुत्तों के काटने से होने वाली रैबीज बीमारी पर एक मीडिया रिपोर्ट पब्लिश की गई थी। इस मामले में अब तक 5 बार सुनवाई हो चुकी है। 6 जनवरी को आवारा कुत्तों के मामले में दो वकीलों ने एक और याचिका लगाई। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि इंसानों के मामलों में भी इतने आवेदन नहीं आते। बुधवार को कई याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। तब सभी की बात सुनी जाएगी।

## शिवाजी महाराज पर विवादित सामग्री को लेकर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने मांगी माफी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया ने करीब दो दशक पहले प्रकाशित एक किताब में छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े कुछ बिना वेरिफाई बयानों को लेकर माफी मांगी है। यह माफी छत्रपति शिवाजी महाराज के 13वें वंशज उदयनराजे भोसले से मांगी गई है।

अखबार में जारी सार्वजनिक नोटिस में डवढ इंडिया ने स्वीकार किया कि साल 2003 में प्रकाशित किताब Shivaji: Hindu King in Islamic India के पेज 31, 33, 34 और 93 पर दिए गए कुछ बयान सत्यापित नहीं थे। यह किताब अमेरिकी लेखक जेम्स लेन द्वारा लिखी गई थी। इस पुस्तक को लेकर जनवरी 2004 में बड़ा विवाद हुआ था। आरोप था कि किताब में शिवाजी महाराज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। इसके बाद संभाजी ब्रिगेड के 150 से अधिक कार्यकताओं ने पुणे स्थित भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट में तोड़फोड़ की थी। नोटिस में डवढ इंडिया ने कहा कि वह इन बयानों के प्रकाशन पर खेद व्यक्त करता है और उदयनराजे भोसले तथा आम जनता से हुई किसी भी पीड़ा और मानसिक आघात के लिए माफी मांगता है।

### भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 6-7 मई की रात 24 मिनट में 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए थे

# ऑपरेशन सिंदूर; अमेरिकी फर्म का दावा- पाकिस्तान कांप गया था: संघर्ष रुकवाने के लिए 60 गुहार लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान कांप गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिए लॉबिंग की थी। इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था। FARA के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन कॉल, वन-टु-वन बैठकों के जरिए अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं। पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब 45 करोड़ खर्च किए थे। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय दूतावास ने अमेरिकी सरकार और उसके अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने के लिए फर्म की सेवाएं ली थीं।




### भारतीय दूतावास ने लॉबिंग फर्म की मदद ली

अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के साथ कई अहम मुद्दों पर भारतीय दूतावास की बातचीत में मदद की गई। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच भारतीय दूतावास के लिए काम किया।

FARA में दी गई जानकारी के अनुसार 10 मई को इस फर्म ने भारतीय दूतावास की ओर से व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स, अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के रिकी गिल से संपर्क कराने में मदद की।

इस दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी मीडिया कवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। 10 मई को ही भारत और पाकिस्तान के बीच चला 4 दिन का सैन्य टकराव समाप्त हुआ था। फर्म की भूमिका में बैठकों की व्यवस्था करना, फोन कॉल और ईमेल के जरिए दोनों देशों के अधिकारियों को जोड़ना शामिल था। इसके अलावा भारतीय दूतावास ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक कराने में भी मदद मांगी थी। कई एन्ट्रीज में भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की स्थिति पर बातचीत का जिक्र है। इसी तरह एक अन्य अमेरिकी लॉबिंग फर्म सिडेन लॉ एलएलपी की रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि उसने पाकिस्तान को अमेरिका के साथ आर्थिक साझेदारी बढ़ाने और भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान समर्थन देने में मदद की थी।

### भारतीय विदेश मंत्रालय बोला- हमारा रिकॉर्ड वेबसाइट पर

भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि संपर्क बढ़ाने के लिए अमेरिका में विभिन्न दूतावास, प्राइवेट कंपनियां और व्यावसायिक संगठन लॉबिंग फर्मों और कन्सलटेंट्स का सहारा लेते हैं।

भारतीय दूतावास भी 1950 के बाद से ही आवश्यकता के अनुसार ऐसी फर्मों के साथ अनुबंध करता रहा है। अमेरिका में डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस में फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत विदेशी सरकारों के साथ लॉबिंग करना कानूनी और स्थापित प्रथा है। जस्टिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर इसका पूरा रिकॉर्ड है कि कब-कब, किसने-किन लॉबिंग फर्मों के साथ संपर्क किया। इसे किसी प्रकार की मध्यस्थता के तौर पर देखना एकदम गलत है।

### कांग्रेस बोली- 10 मई को बहुत कुछ हुआ

वहीं, अमेरिकी लॉबिंग फर्मों की रिपोर्ट्स पर कांग्रेस का कहना है कि 10 मई 2025 को बहुत कुछ हुआ, जिसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का पहला ऐलान अमेरिका की ओर से किया गया। कांग्रेस नेता अमिताभ दुबे ने कहा कि 10 मई को जिन अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क किया गया, उनमें यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर भी शामिल थे।

## राजस्थान के 15 जिलों में घना कोहरा, विजिबिलिटी 30 मीटर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में भीषण सर्दी जारी है। मैदानी इलाकों में कोहरे और बर्फीली हवाओं ने तापमान कम कर दिया है। राजस्थान में मंगलवार को सीजन का सबसे घना कोहरा और कड़ाके की सर्दी रही। जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर सहित 15 से ज्यादा जिलों में विजिबिलिटी सिर्फ 30 मीटर रही।

जयपुर सहित कई जिलों में 15 से ज्यादा ट्रेनें 3 घंटे तक लेट चली। वहीं, प्रदेश के 25 जिलों में 8वीं क्लास तक स्कूलों में छुट्?टी घोषित कर दी। कई जिलों में स्कूलों का टाइम भी बदला गया है। मध्य प्रदेश में भी कड़ाके की ठंड जारी है। रात के साथ ही दिन में भी ठंड बढ़ गई है। राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। वहीं, रीवा में 4 डिग्री, खजुराहो में 4.4 डिग्री, उमरिया में 4.6 डिग्री और मंडला में 4.9 डिग्री सेल्सियस पारा रहा। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी होने से एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। गुलमर्ग, मुगल रोड और गांदरबल के ऊपरी इलाकों में जमकर बर्फबारी जारी है। घाटी में अगले 15 दिन भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर, दौसा समेत कई जिलों में आज भी घना कोहरा है। जयपुर में विजिबिलिटी जीरो है।

### :मस्जिद के पास अवैध निर्माण हटाने पहुंची थी; आंसू गैस के गोले छोड़े, पुलिसकर्मी-अधिकारी घायल

# दिल्ली में आधी रात पुलिस टीम पर पत्थरबाजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में रामलीला मैदान के पास मस्जिद और कब्रिस्तान से सटी जमीन से 6 जनवरी की देर रात करीब 1 बजे अतिक्रमण हटाया गया। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर एमसीडी ने 17 बुलडोजर से यहां बने बारात घर, डायग्नोस्टिक सेंटर, दुकानों को ढहाया।

तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास जब इस कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा था, तब भीड़ ने कर्मचारियों और पुलिस पर पथराव किया। भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ कर कार्रवाई रोकने पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर उसे खदेड़ दिया।

सेंट्रल रेंज के जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस मधुर वर्मा ने कहा कि हालात कंट्रोल में हैं। पूरे इलाके को 9 जोन में बांटा गया है। हर जोन की जिम्मेदारी अऊढ स्तर के अधिकारी को दी गई। संवेदनशील जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। वीडियो के जरिए पत्थरबाजों की पहचान की जाएगी।

वहीं डीसीपी निधिन वलसन ने कहा कि एमसीडी ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की, जो अभी भी जारी है। भीड़ की पत्थरबाजी में 4-5 अधिकारियों को मामूली चोटें आईं हैं। 6 जनवरी को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने मस्जिद और कब्रिस्तान से सटी जमीन से अतिक्रमण (बारात घर और डायग्नोस्टिक सेंटर) हटाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने इस मामले में नगर निगम दिल्ली, शहरी विकास मंत्रालय, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली वक्फ बोर्ड समेत अन्य विभागों से जवाब मांगा है। जस्टिस अमित बंसल ने कहा था कि मामला सुनवाई के योग्य है। सभी पक्षों को 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।





### यह है पूरा मामला

फैज-ए-इलाही मस्जिद की प्रबंधन समिति ने दिल्ली एमसीडी के 22 दिसंबर 2025 के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इसमें कहा गया कि मस्जिद के बाहर की 0.195 एकड़ जमीन पर बने ढांचे अवैध हैं। उन्हें हटाया जाएगा। एमसीडी का कहना है कि अतिरिक्त जमीन पर मालिकाना या वैध कब्जे के दस्तावेज पेश नहीं किए गए हैं। एमसीडी का यह आदेश 12 नवंबर 2025 को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के निर्देशों के आधार पर जारी किया गया था। डिवीजन बेंच के आदेश में तुर्कमान गेट के पास रामलीला ग्राउंड से करीब 38,940 वर्ग फुट अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, जिसमें सड़क, फुटपाथ, बारात घर, पार्किंग और एक निजी क्लिनिक शामिल हैं। मस्जिद समिति का कहना है कि यह जमीन वक्फ संपत्ति है। वह इसके लिए वक्फ बोर्ड को लीज किराया देती है। हमें अतिक्रमण हटाने पर आपत्ति नहीं है।

## सार्वजनिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार जसवंतसिंह राठौड़ पिता करणसिंह राठौड जाति राजपूत निवासी ग्राम नवासा तहसील व जिला धार द्वारा विकेतागण सुगनबाई पति स्वर्गीय बद्रीलाल, कैलाश पिता स्व. बद्रीलाल, विकम पिता स्व. बद्रीलाल सर्वगण जाति- बागरी निवासीगण ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बडनगर से भूमि सर्वे कमांक 1587 रकबा 0.16 हे., सर्वे कमांक 1797 रकबा 1.54 हे., सर्वे कमांक 1915 रकबा 0.21 हे., सर्व क्रमांक 1916 रकबा 3.97 हे., सर्वे कमांक 2018 रकबा 1.77 हे., सर्वे कमांक 2020 रकबा 2.73 हे., सर्वे कमांक 2021 रकबा 0.05 है., सर्वे कमांक 2026 रकबा 0.66 हे, सर्वे क्रमांक 2031/2/2 रकबा 1.24 हे. कुल किता 09 कुल रकबा 12.33 हे. स्थित ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन की भूमि में से विकेतागण के हिस्से व कब्जे की भूमि कुल रकबा 12.33 हे. में से अपने हिस्से का रकबा 1.45 हे. मेरे पक्षकार ने कय किया है। तथा सर्वे कमांक 1772/1/2 रकबा 0.61 हे. सर्वे क्रमांक 1801/2 रकबा 0.80 हे., सर्वे क्रमांक 1822 रकबा 1.69 हे. कुल किता 03 कुल रकबा 4.10 हे. में से 2.05 हे. भूमि कय की है। इस प्रकार मेरे पक्षकार ने कुल रकबा 3.05 हे. भूमि को क्रय किये जाने का सौदा किया गया है। और सौदे पेटे राशि मेरे पक्षकार ने विकेतागण को बयाना पेटे समक्ष गवाहान के अदा कर दी है। और विक्रेतागण द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में उनके हिस्से की भूमि का विकयपत्र संपादित किये जाने में टालटुल कर रहे है इसलिये मेरे पक्षकार द्वारा विकेतागण को अंतिम सूचना पत्र द्वारा सूचित किया गया है कि, विक्रेतागण दिनांक 07/01/2026 को उप पंजीयक कार्यालय बडनगर के समक्ष उपस्थित होकर शेष बिकी मूल्य प्राप्त करके मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पत्र संपादित करा देवे। परन्तु विकेतागण के मन में बदयांती आ जाने से मेरे पक्षकार को सूचना प्राप्त हुई की विक्रेतागण मेरे पक्षकार द्वारा उनके हिस्से की कय की गई भूमि का सौदा किसी अन्य व्यक्ति से किया जा रहा है। इसलिये मेरे पक्षकार द्वारा विकेतागण के हिस्से एवं कब्जे की भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का सौदा, अनुबंध, विक्रय, आदि नही करावे। अन्यथा समस्त जवाबदारी सम्बन्धितो की रहेगी सूचित हो। दिनांक 6.1.2026

**शाकिर खान एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर 9826714510**

### कहा- लोगों के हित में इस्तेमाल करेंगे

# ट्रम्प बोले- वेनेजुएला अमेरिका को 5 करोड़ बैरल तेल देगा: कमाई पर भी ट्रम्प का कंट्रोल रहेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल प्रतिबंधित तेल सौंपेगी।

ट्रम्प ने बताया कि यह तेल बाजार भाव पर बेचा जाएगा। इससे मिलने वाली रकम पर ट्रम्प का कंट्रोल रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक इसका इस्तेमाल वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के हित में किया जाएगा।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को इस योजना को तुरंत लागू करने के निर्देश दिए हैं। तेल को स्टोरेज जहाजों के जरिए सीधे अमेरिका के बंदरगाहों तक लाया जाएगा।

गौरतलब है कि 2 जनवरी को अमेरिका ने वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर अमेरिका लाया गया। इसके बाद ट्रम्प ने वहां उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति बनाने के लिए समर्थन दिया था। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी तेल कंपनियां वेनेजुएला के खराब हो चुके तेल ढांचे को ठीक करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश करेंगी। इससे वेनेजुएला को दोबारा तेल उत्पादन से कमाई शुरू करने में मदद मिलेगी। फ्लोरिडा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब तेल बेचने के कारोबार में है और अन्य देशों को भी तेल सप्लाई करेगा। उन्होंने कहा कि खराब ढांचे की वजह से वेनेजुएला खुद ज्यादा तेल नहीं निकाल पा रहा था। इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में यह कहा था कि हमें डेल्सी रोड्रिग्ज के जरिए वेनेजुएला तक पूरी पहुंच चाहिए। ट्रम्प ने वेनेजुएला को मरा हुआ देश बताते हुए कहा कि उसे दोबारा खड़ा करना जरूरी है। उन्होंने कहा- हमें तेल और देश की दूसरी चीजों तक पूरी पहुंच चाहिए, ताकि हम वेनेजुएला को दोबारा खड़ा कर सकें।

### तेल कंपनियों को लेकर अमेरिका-वेनेजुएला के बीच विवाद

ट्रम्प का दावा है कि वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। दरअसल, 1976 में वेनेजुएला की सरकार ने (राष्ट्रपति कार्लोस आंद्रेस पेरेज के समय) पूरे तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया।

इसका मतलब था कि विदेशी तेल कंपनियां (ज्यादातर अमेरिकी, जैसे एक्सॉन, गल्फ ऑयल, मोबिल आदि) जो दशकों से वहां तेल निकाल रही थीं, उनके सभी ऑपरेशंस और संपत्तियां वेनेजुएला की नई सरकारी कंपनी पेट्रोलियोस डे वेनेजुएला के पास चली गईं। यह राष्ट्रीयकरण कानूनी तरीके से हुआ और कंपनियों को मुआवजा भी दिया गया, हालांकि कुछ कंपनियां इससे खुश नहीं थीं। उस समय अमेरिकी कंपनियों ने वेनेजुएला में तेल उद्योग को विकसित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी, इसलिए कुछ लोग इसे अभी भी अमेरिकी संपत्ति कहते हैं।

ट्रम्प ने मादुरो को वेनेजुएला की सत्ता से हटाया

अमेरिका ने वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटा दिया है। 2 जनवरी की रात अमेरिकी सैनिकों ने ऑपरेशन चलाकर मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में ले लिया था। इसके साथ ही वेनेजुएला में मादुरो का शासन समाप्त हो गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस कार्रवाई को वेनेजुएला में ह्लोकतंत्र बहाल करने की दिशा में जरूरी कदमह्व बताया है। ट्रम्प प्रशासन का दावा है कि मादुरो लंबे समय से ड्रग्स और हथियार तस्करी के नेटवर्क से जुड़े हुए थे। अमेरिकी कार्रवाई के बाद मादुरो और उनकी पत्नी को न्यूयॉर्क लाया गया, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर अमेरिका में हथियारों और ड्रग्स की तस्करी से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले में मादुरो की पत्नी सीलिया फ्लोरेस को भी आरोपी बनाया गया है। अमेरिकी एजेंसियों का कहना है कि फ्लोरेस पर अपहरण और हत्याओं के आदेश देने के आरोप हैं।



### जयशंकर ने वेनेजुएला के हालात पर चिंता जताई:कहा- हमारे रिश्ते अच्छे हैं, बातचीत से समस्या का हल निकालें



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने वेनेजुएला के हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं। इस समय सभी पक्षों को ऐसा हल निकालना चाहिए जो वहां के लोगों के हित में हो।

लक्जमबर्ग में एक फोरम में जयशंकर ने कहा हम वेनेजुएला में हो रहे घटनाक्रम को लेकर चिंतित हैं। यह एक ऐसा देश है जिसके साथ हमारे बहुत अच्छे रिश्ते हैं। हम सभी पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे लोगों के हित में एक समाधान पर पहुंचें। भारत ने साथ ही क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों से संवाद और शांतिपूर्ण समाधान अपनाने की भी अपील की है। अमेरिका ने वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटा दिया। 2 जनवरी की रात अमेरिकी सैनिकों ने ऑपरेशन चलाकर मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में ले लिया था। इसके साथ ही वेनेजुएला में मादुरो का शासन समाप्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस कार्रवाई को वेनेजुएला में ह्लोकतंत्र बहाल करने की दिशा में जरूरी कदमह्व बताया है। ट्रम्प प्रशासन का दावा है कि मादुरो लंबे समय से ड्रग्स और हथियार तस्करी के नेटवर्क से जुड़े हुए थे। अमेरिकी कार्रवाई के बाद मादुरो और उनकी पत्नी को न्यूयॉर्क लाया गया, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर अमेरिका में हथियारों और ड्रग्स की तस्करी से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले में मादुरो की पत्नी सीलिया फ्लोरेस को भी आरोपी बनाया गया है। अमेरिकी एजेंसियों का कहना है कि फ्लोरेस पर अपहरण और हत्याओं के आदेश देने के आरोप हैं।

# ट्रम्प बोले- मोदी मेरे अच्छे दोस्त, लेकिन मुझसे खुश नहीं: वजह भारत पर 50% टैरिफ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वॉशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाया है। न्यूज एजेंसी ढळक के मुताबिक, ट्रम्प ने यह बात मंगलवार को वॉशिंगटन में हाउस रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों की बैठक में कही। ट्रम्प ने यह भी कहा- पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां।

हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि यह सारी बातचीत कब और कहां हुई। ट्रम्प ने कहा- अपाचे हेलिकॉप्टर की वजह से भारत कई सालों से मेरे पास आ रहा था। हम इसे बदल रहे हैं। भारत ने 68 अपाचे हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर दिया है। मेरे उनके (पीएम मोदी) साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। अब उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक कम कर दिया है।

ट्रम्प ने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ रूस से तेल खरीदने की वजह से लगाया गया है। ट्रम्प ने कल कहा था- मोदी मुझे खुश करना चाहते हैं

ट्रम्प ने कल भी भारत के रूस से तेल आयात कम करने को लेकर बयान दिया था। ट्रम्प ने कहा था कि भारत ने यह फैसला उन्हें खुश करने के लिए लिया। ट्रम्प ने कहा था- वे मुझे खुश करना चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वह जानते थे कि मैं खुश नहीं था, इसलिए मुझे खुश करना जरूरी था। हम व्यापार करते हैं और उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बन गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन पर हो रहे हमलों को फंड कर रहा है।

ट्रम्प के साथ मौजूद अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कल दावा किया था वह करीब एक महीने पहले भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के घर गए थे। उस मुलाकात में सबसे ज्यादा चर्चा भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने को लेकर हुई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने उनसे राष्ट्रपति ट्रम्प तक यह संदेश पहुंचाने को कहा था कि भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाया जाए।

# कोलंबिया के राष्ट्रपति की ट्रम्प को धमकी:कहा- हिम्मत है तो मुझे पकड़कर दिखाओ; कभी वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने भी ऐसी धमकी दी थी

### अमेरिका ने हमला किया तो भड़क सकती है गुरिल्ला जंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वेनेजुएला

वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वॉशिंगटन और लैटिन अमेरिका के देशों के रिश्तों में भारी तनाव पैदा हो गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो खुलकर अमेरिका के खिलाफ आ गए हैं।

पेट्रो ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि वह कोलंबिया में ही मौजूद हैं और अमेरिका का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रो के इस बयान ने पूरे लैटिन अमेरिका में सियासी हलचल तेज कर दी है। उन्होंने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद दिया। गौरतलब है कि मादुरो भी अगस्त 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प को इसी तरह की चुनौती दे चुके हैं। मादुरो ने कहा था कि अगर हिम्मत है तो अमेरिका आकर उन्हें गिरफ्तार करे। इसके जवाब में अमेरिका ने मादुरो की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम की राशि और बढ़ा दी थी।




पेट्रो ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने कोलंबिया या उसके आसपास के इलाकों में सैन्य हमला किया तो इसके गंभीर नतीजे होंगे।

पेट्रो के मुताबिक, अमेरिकी बमबारी की स्थिति में गांवों में रहने वाले किसान हथियार उठा सकते हैं और पहाड़ी इलाकों में जाकर गुरिल्ला लड़ाई शुरू हो सकती है, जिससे पूरा क्षेत्र अस्थिर हो जाएगा। पेट्रो ने यह भी कहा कि अगर ऐसे राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने की कोशिश की गई, जिसे देश की बड़ी आबादी पसंद करती है और सम्मान देती है, तो जनता का गुस्सा फूट सकता है। गुस्तावो पेट्रो ने यह भी कहा कि वे खुद पहले गुरिल्ला आंदोलन का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने 1990 के दशक में हथियार छोड़ दिए थे। उन्होंने कहा कि मैंने कसम खाई थी कि अब कभी बंदूक नहीं उठाएंगे, लेकिन अगर देश और मातृभूमि की रक्षा के लिए जरूरत पड़ी तो वे फिर से हथियार उठा सकते हैं।

### ट्रम्प ने कोलंबिया को बीमार देश बताया था

इससे पहले ट्रम्प ने कोलंबिया पर गंभीर आरोप लगाए थे। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा था कि कोलंबिया एक बीमार देश है और वहां एक ऐसा शख्स शासन कर रहा है जो कोकीन बनाकर अमेरिका भेजता है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि यह राष्ट्रपति ज्यादा समय तक सत्ता में नहीं रहेगा। इतना ही नहीं, ट्रम्प ने यह बयान भी दिया कि कोलंबिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करना उन्हें एक अच्छा विचार लगता है। कोलंबिया सरकार ने इन बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय रिश्तों में बातचीत, सहयोग और आपसी सम्मान में विश्वास रखती है। सरकार ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी देश को धमकी देना या ताकत का इस्तेमाल करना सही नहीं है और यह अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। गौरतलब है कि इससे पहले अक्टूबर महीने में ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबियाई राष्ट्रपति पेट्रो और उनके परिवार के कुछ सदस्यों पर ड्रग तस्करी से जुड़े संबंधों के आरोप लगाते हुए प्रतिबंध लगाए थे।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...







## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | र | कु | मा | र | अ | फ | न | प | र |
| न | ला | क | प | ई | ढे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | बी | जा | ह | कि | वि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# डेनमार्क की PM बोलीं-ग्रीनलैंड पर हमला किया तो NATO खत्म




## कहा- ग्रीनलैंड का भविष्य उसके लोग तय करेंगे

**डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो NATO सैन्य गठबंधन का अंत हो जाएगा।**

सोमवार रात एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी NATO सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो ठअळड की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा।

वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन और ब्रिटेन के नेताओं ने भी साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। इससे पहले भी वह कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लाने की बात कर चुके हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया है।

डेनमार्क और ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा हैं। डेनमार्क साम्राज्य और अमेरिका दोनों ही NATO के सदस्य देश हैं। इन देशों की संप्रभुता और सुरक्षा की गारंटी NATO की है।

इसके तहत किसी एक सदस्य देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को पूरे गठबंधन के देशों पर हमला माना जाता है। अमेरिका का डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ करीबी रिश्ता रहा है। डेनमार्क नाटो का संस्थापक सदस्य है। 1951 के रक्षा समझौते से अमेरिका को ग्रीनलैंड में मिलिट्री बेस रखने की अनुमति है। दोनों देश सुरक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और व्यापार में सहयोग करते हैं।

### ट्रम्प ने वेनेजुएला पर हमले के लिए मोनरो डॉक्ट्रिन का हवाला दिया

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी की गिरफ्तारी के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोनरो डॉक्ट्रिन का जिक्र किया। ट्रम्प ने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका की दो सौ साल पुरानी विदेश नीति के मुताबिक है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि मोनरो डॉक्ट्रिन अब पुरानी हो चुकी है और अमेरिका इससे भी आगे जाकर कार्रवाई कर रहा है। मोनरो डॉक्ट्रिन की शुरुआत साल 1823 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जेम्स मोनरो ने की थी। इसका मकसद यूरोपीय देशों को उत्तर और दक्षिण अमेरिका के मामलों में दखल देने से रोकना था। इस नीति के तहत अमेरिका ने पूरे लैटिन अमेरिका को अपना प्रभाव क्षेत्र माना। बाद में इसका इस्तेमाल कई बार लैटिन अमेरिकी देशों में अमेरिकी हस्तक्षेप को सही ठहराने के लिए किया गया।

# ट्रम्प के खिलाफ हुए 7 यूरोपीय देश







### ग्रीनलैंड ढट बोले- हमारा देश बिकने वाला नहीं

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा- मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता।


### जानिए अमेरिका को ग्रीनलैंड से क्या फायदा

रणनीतिक सैन्य महत्वः ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है, जो अमेरिका, यूरोप और रूस के बीच सैन्य और मिसाइल निगरानी के लिए बेहद अहम है। यहां अमेरिका का थुले एयर बेस पहले से है, जो मिसाइल चेतावनी और रूसी/चीनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जरूरी है।

चीन और रूस पर नजरः आर्कटिक क्षेत्र में रूस और चीन की गतिविधियां बढ़ रही हैं। ग्रीनलैंड पर प्रभाव होने से अमेरिका इस इलाके में अपनी भू-राजनीतिक पकड़ मजबूत रखना चाहता है।

प्राकृतिक संसाधनः ग्रीनलैंड में दुर्लभ खनिज, तेल, गैस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार माने जाते हैं, जिनका भविष्य में आर्थिक और तकनीकी महत्व बहुत ज्यादा है।

# यूरोपीय नेता बोले- आर्कटिक रीजन की सुरक्षा यूरोप के लिए अहम




### अमेरिकी अधिकारी की पत्नी के पोस्ट से भड़का विवाद

वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया। मिलर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा ₹जल्द हीर। इससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क में अमेरिकी कब्जे की आशंकाएं बढ़ गईं। ट्रम्प लंबे समय से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की बात करते रहे हैं। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, खनिज संसाधनों और आर्कटिक क्षेत्र में रूस-चीन की गतिविधियों का हवाला दिया है। इससे पहले मार्च में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने ग्रीनलैंड के एक अमेरिकी सैन्य अड्डे का दौरा किया था और डेनमार्क पर वहां कम निवेश करने का आरोप लगाया था।

यूरोप के कई बड़े देशों के नेताओं ने ग्रीनलैंड को लेकर एक साथ बयान जारी किया है। फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और डेनमार्क के नेताओं ने कहा है कि आर्कटिक इलाके (ग्रीनलैंड के आसपास का इलाका) की सुरक्षा यूरोप के लिए बहुत अहम है और इसका असर पूरी दुनिया की सुरक्षा पर पड़ता है। नेताओं ने बताया कि ठअळड पहले ही कह चुका है कि आर्कटिक क्षेत्र उसके लिए अहम है। इसी वजह से यूरोपीय देश वहां अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। आर्कटिक को सुरक्षित रखने और किसी भी खतरे को रोकने के लिए वहां ज्यादा गतिविधियां और निवेश किए जा रहे हैं। डेनमार्क और उसके साथ ग्रीनलैंड भी ठअळड का हिस्सा हैं।

बयान में कहा गया है कि आर्कटिक की सुरक्षा सभी देशों को मिलकर करनी होगी। यह काम ठअळड के दूसरे देशों, खासकर अमेरिका, के साथ मिलकर किया जाएगा। इसमें संयुक्त राष्ट्र के नियमों का पालन किया जाएगा, जिनमें हर देश की आजादी, उसकी जमीन की सुरक्षा और उसकी सीमाओं का सम्मान शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका इस पूरे काम में एक अहम साझेदार है। यह साझेदारी ठअळड के जरिए और डेनमार्क और अमेरिका के बीच 1951 में हुए रक्षा समझौते के तहत है।

■ वर्ष-12 अंक-66 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 07 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

**शैले शैले न माणिक्यं मौक्तिकं न गजे गजे।**
**साधवो न हि सर्वत्र चन्दनं न वने वने॥**

**भावार्थ** : न प्रत्येक पर्वत पर मणि-माणिक्य ही प्राप्त होते हैं न प्रत्येक हाथी के मस्तक से मुक्ता-मणि प्राप्त होती है । संसार में मनुष्यों की कमी न होने पर भी साधु पुरुष नहीं मिलते । इसी प्रकार सभी वनों में चन्दन के वृक्ष उपलब्ध नही होते।

**मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।**
**मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्यं चापि नियोजयेत्॥**

**भावार्थ** : मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मन्त्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।


## सम्पादकीयम्

### एसआईआर मार्गेण देशे कति कोटिमतदातारः

रक्फ़मार्गेण देशे कति कोटिमतदातारः विलोपिताः भविष्यन्ति? प्रतिवेदनानि आतङ्कजनकाः सन्ति। विशेषसघनपुनरीक्षणस्य द्वितीयचरणस्य कतिपयेषु राज्येषु मतदातासूचिकाभ्यः कोटिकोटिमतदातारः विलोपिताः भवन्ति। अनुपस्थितानि, स्थानान्तरितानि, मृतानि, द्वितीयकं वा इति ज्ञातानि नामानि निष्कासितानि सन्ति। अनेन कोटिकोटिजनानाम् मतदानस्य अधिकारः नष्टः भवितुम् अर्हति। उत्तरप्रदेशे गुजरातदेशे च समस्या अधिका गम्भीरा भवितुम् अर्हति। चन्द्रभूषणः - अन्तिमः विशेषसघनपुनरीक्षणः २००३ तमे वर्षे अभवत्, भवतः स्मरणम् अस्ति वा? कदापि कोऽपि तत स्मरति। यतो हि एसआईआर इदानीं इव अराजकः ध्रुवीकृतः वा कदापि न अभवत्। अस्मिन् समये बिहारे विधानसभानिर्वाचनात् पूर्वमेव एसआईआर-प्रथमचरणं सम्पन्नम्, तत्र च अन्येषां सर्वेषां जनहितविषयान् अतिक्रम्य बृहत्तमः निर्वाचनविषयः अभवत् प्रतिवेदनानि आतङ्कजनकाः सन्ति। सर्वोच्चन्यायालये आयोगे च दबावस्य कारणात् बिहारे मतदातासूचिकाभ्यः विलोपितानां नामानां संख्या समाजे तत्परिवेष्टितभयात् बहु न्यूना आसीत्। परन्तु सम्प्रति एसआईआर इत्यस्य द्वितीयचरणस्य १२ राज्येषु केन्द्रप्रदेशेषु च अस्वीकृतमतदातानां प्रतिशतं अत्यन्तं अधिकम् अस्ति। केभ्यः राज्येभ्यः अद्यापि आधिकारिकदत्तांशः लम्बितः अस्ति, परन्तु तत्रापि मण्डलेभ्यः आगच्छन्ती सूचना आतङ्कजनकः।

फास्टैग बहुउद्देशीयं बटुकं भविष्यति, यत् टोल्-देयतातः आरभ्य पार्किङ्ग, पेट्रोल

# ईवी-चार्जिंग् इत्यादीनां सर्वेषां भुक्तिं कर्तुं शक्नोति




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

एकदा टोल्-देयता-पर्यन्तं सीमितं फास्ट टैग-इत्येतत् बहुउद्देश्य-डिजिटल-बटुके परिणतुं सज्जता त्वरिता भवति। केन्द्रीयसडकपरिवहनराजमार्गमन्त्रालयस्य अस्याः योजनायाः अन्तर्गतं भविष्ये फास्ट टैग इत्यस्य उपयोगः पार्किङ्गस्य, पेट्रोलस्य, ईवी चार्जिंग, खाद्यविक्रयस्थानानां, अन्ययात्रासम्बद्धानां सेवानां च भुक्तिं कर्तुं समर्थः भविष्यति। अधिकारिणां मते विगतषड्मासान् यावत् प्रचलति अयं परीक्षणः सफलः अभवत्।

डिजिटल-धोखाधड़ीं न्यूनीकरोतु, बटुकरूपेण उपयोगं कुर्वन्तु अधिकारिणः वदन्ति यत् फास्ट टैग इत्यस्य बटुकरूपेण उपयोगेन डिजिटल-धोखाधडस्य जोखिमः न्यूनीकरिष्यते। सीमितशेषस्य कारणात् धोखाधड़ीयां हानिः नियन्त्रिता भविष्यति, उपयोक्तृभ्यः भिन्न-भिन्न-देयता-विधिषु पुनः पुनः परिवर्तनस्य आवश्यकता न भविष्यति। एतेषां सेवानां कृते फास्ट टैग इत्यस्य उपयोगः भविष्यतिः टोल-देयता पेट्रोल पम्प ईवी चार्जिंग स्टेशन खाद्यविक्रयणस्थानानि वाहनस्य परिपालनम् नगरप्रवेशशुल्कम् यात्रायाः समये अन्ये ऑफ-रोड् सुविधाः नवीदिल्लीस्थानकात् आरभ्य उत्तररेलवे मुख्यजनसम्पर्कपदाधिकारी हिमांशुशेखर उपाध्यायः अवदत् यत् दिल्लीप्रभागरेलवे पार्किङ्गस्य यातायातप्रबन्धनस्य च कृते नूतना नीतिः विकसिता अस्ति। अस्याः नीतेः अन्तर्गतं नवीदिल्लीरेलस्थानके पार्किङ्गशुल्कं फास्ट टैग इत्यस्य उपयोगेन भुक्तं भविष्यति। अनुमानं भवति यत् प्रायः ८० प्रतिशतं वाहनानि यात्रिकान् अवतारयित्वा वा उद्धृत्य वा तत्क्षणमेव प्रस्थास्यन्ति। स्वचालितशुल्ककर्षणेन ठेकेदारानाम् चालकानां च मध्ये अतिशुल्कग्रहणविषये विवादाः वस्तुतः समाप्ताः भविष्यन्ति।

पूर्वसेनाकर्मचारिणः पार्किङ्गमार्शलाः भविष्यन्ति प्रथमवारं नूतनव्यवस्थायाः अन्तर्गतं पार्किङ्गस्य, यातायातप्रबन्धनस्य च कृते पूर्वसेनाकर्मचारिणः मार्शलरूपेण नियोजिताः भविष्यन्ति। एतेन निजीसुरक्षाकर्मचारिणां दुराचारस्य शिकायतां निवारणं भविष्यति तथा च सुरक्षायां आतङ्कवादीनां क्रियाकलापानाम् प्रतिकारस्य च सैन्यस्य अनुभवस्य लाभः भविष्यति।

प्रस्थाय 12 रेलयानानि

## प्रयागराज रामबाग-झुसी-स्थानकेषु स्थगितानि भविष्यन्ति

### एषः निर्णयः माघमेलाकारणात् कृतः

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

प्रयागराजनगरे माघमेला २०२६ मध्ये तीर्थयात्रिकाणां सुविधायै रेलप्रशासनेन महत्त्वपूर्णः निर्णयः कृतः। पश्चिममध्यरेलमार्गस्य जबलपुरविभागेन गच्छन्तीनां द्वादशरेलयानानां प्रयागराजरामबाग-झुसीस्थानकयोः अतिरिक्तं द्विनिमेषपर्यन्तं स्थगितम् भविष्यति।

इयं सुविधा जनवरी-फरवरी-मासेषु २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरी-फरवरी-मासयोः निर्धारितदिनेषु प्रयोज्यः भविष्यति। एतत् अतिरिक्तं स्थगितीकरणं तीर्थयात्रिकाणां प्रयागराजात् आगमनं प्रस्थानञ्च सुगमं करिष्यति। एतेषु रेलयानेषु मुम्बई, पुणे, उधना, अहमदाबाद, दरभंगा, गोरखपुर, वाराणसी, जयनगर इत्यादिभ्यः प्रमुखनगरेभ्यः उद्भूताः द्रुतगतिरेलयानानि सन्ति। येषु रेलयानेषु एतत् अतिरिक्तं विरामस्थानं प्राप्स्यति तेषु जयनगर-एलटीटी/एलटीटी-जयनगर एक्स्प्रेस (११०६२/११०६१) या १ जनवरीतः १५ फरवरीपर्यन्तं चलति, दानापुर-उधना/उधना-दानापुर एक्स्प्रेस् (२०९३४/२०९३३) या जनवरीतः फरवरीपर्यन्तं चयनिततिथौ, दरभंगा-पुणे/पुणे-दरभंगा एक्स्प्रेस् च प्रचलति (११०३४/११०३३) ; दरभंगा-अहमदाबाद/अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस (15559/15560); उधना-वाराणसी/वाराणसी-उधना एक्सप्रेस (20961/20962) एवं पुणे-गोरखपुर/गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस (11037/11038)। रेलप्रशासनेन यात्रिकाणां कृते आह्वानं कृतम् यत् यात्रायाः पूर्वं रेलसङ्ख्या, तिथिः, समयसूची च नवीनतमसूचनाः प्राप्तुं आधिकारिकरेलवेजालस्थलं, एनटीईएस एए अथवा समीपस्थं रेलस्थानकं पश्यन्तु।

## सोनिया गान्धी इत्यस्याः स्वास्थ्यं अचानकं क्षीणं भवति, सर गंगाराम अस्पताले भर्ती

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

काङ्ग्रेससंसदीयपक्षस्य अध्यक्षा सोनिया गान्धी वक्षःस्थलवेदनायाः, श्वसनस्य कष्टस्य च शिकायतया दिल्लीनगरस्य सरगंगारामचिकित्सालये प्रवेशिता अस्ति। सा सम्प्रति वक्षःस्थलचिकित्सकस्य निरीक्षणे अस्ति। सरगंगारामचिकित्सालये मंगलवासरे आधिकारिकवक्तव्ये उक्तं यत् सोनियागान्धी सोमवासरे रात्रौ १० वादनस्य समीपे चिकित्सालये प्रवेशिता आसीत्। चिकित्सालयस्य अध्यक्षः डॉ. अजयस्वरूपः अवदत् यत् परीक्षणेषु शीतस्य प्रदूषणस्य च कारणेन तस्याः ब्रोन्कियल अस्थमायाः मृदुः व्याप्तिः ज्ञाता। सा अग्रे निरीक्षणाय, चिकित्सायाश्च सावधानतारूपेण प्रवेशिता आसीत्। चिकित्सालया उक्तं यत् तस्याः स्थितिः स्थिरः अस्ति, सा चिकित्सायाः कृते उत्तमं प्रतिक्रियां ददाति। सा प्रतिजीवकदवाभिः अन्यैः सहायकौषधैः च चिकित्सिता अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : इस समय आपके अंदर एक अजीब सी बेचैनी चल रही है। ऐसा लग सकता है कि आप बहुत कुछ करना चाहते हैं।

**वृषभ** : यह समय थोड़ा सुकून देने वाला है। जो परेशानियां पिछले कुछ समय से चल रही थीं, अब धीरे-धीरे सुधार नजर आएगा।

**मिथुन** : दिमाग इस समय बहुत तेज चल रहा है। कई बातें सोच रहे हैं, कई योजनाएं बना रहे हैं, लेकिन खुद को उलझा भी सकते हैं।

**कर्क** : इस समय आप भावनात्मक रूप से थोड़ा ज्यादा संवेदनशील रहेंगे। छोटी बातें भी दिल को छू सकती हैं।

**सिंह** : आत्मविश्वास धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। लोग आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे और आपकी मौजूदगी का असर दिखेगा।

**कन्या** : आप मेहनत करने वालों में से हैं और इस समय आपकी मेहनत का असर दिखने लगा है। जिम्मेदारियां ज्यादा होंगी।

**तुला** : यह आपकी ताकत है, लेकिन इसी वजह से आप खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव डाल लेते हैं।

**वृश्चिक** : आपकी सोच सबसे अलग है और यही बात इस समय आपको आगे ले जा सकती है।

**धनु** : आप इस समय संतुलन की तलाश में हैं। दिल कुछ और चाहता है और दिमाग कुछ और कहता है।

**मकर** : आप अंदर ही अंदर बहुत कुछ महसूस कर रहे हैं। बाहर से भले शांत दिखें, लेकिन मन में कई सवाल चल रहे हैं।

**कुंभ** : आप आगे बढ़ने की सोच में हैं। कुछ नया सीखने, कहीं जाने या अपनी सोच को फैलाने का मन करेगा।

**मीन** : आपका दिल इस समय बहुत कोमल है। आप दूसरों के लिए ज्यादा सोचते हैं, लेकिन खुद की जरूरतें पीछे रह जाती हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# ब्रह्मांड में शुरू हुआ मंगल और शुक्र का खतरनाक ग्रह युद्ध, 4 राशियों पर मंडराया संकट का काला साया

सौरमंडल में ग्रहों की बदलती चाल ने नए साल 2026 के स्वागत के साथ ही एक ऐसी खगोलीय चेतावनी जारी कर दी है, जिसने ज्योतिष जगत और आम जनमानस के बीच हलचल पैदा कर दी है। प्रबुद्ध ज्योतिषियों और वैदिक गणनाओं के अनुसार, नए साल के शुरूआती सप्ताह में ही 'ग्रह युद्ध' की एक दुर्लभ और कष्टकारी स्थिति निर्मित होने जा रही है। ऐश्वर्य के अधिपति शुक्र और साहस के देवता मंगल एक-दूसरे के इतने करीब आ रहे हैं कि उनके स्वभाव का टकराव सीधे तौर पर मानव जीवन को प्रभावित करने वाला है। यह केवल एक सामान्य खगोलीय घटना नहीं है, बल्कि ग्रहों के बीच चलने वाला एक ऐसा संघर्ष है जिसका सीधा प्रहार व्यक्ति की सुख-शांति, आर्थिक स्थिति और आपसी रिश्तों पर होने वाला है। पंचांग के बारीक विश्लेषण से पता चलता है कि आगामी 6 जनवरी 2026 की सुबह 8:19 बजे जब यह युति (मिलन) शुरू होगी, तो ब्रह्मांडीय ऊर्जा में एक भारी असंतुलन पैदा होगा जो 10 जनवरी की सुबह 9:13 बजे तक अपनी चरम सीमा पर रहेगा।

यह समय 4 विशेष राशियों के लिए 'रेड अलर्ट' की तरह है। शुक्र और मंगल का यह मेल दरअसल आग और घी के मेल जैसा है, जहां मंगल की उग्रता शुक्र की सौम्यता को जलाने का प्रयास करेगी। इस अशुभ युति का सबसे घातक प्रहार मेष राशि के जातकों पर होने की आशंका है। मेष राशि के स्वामी स्वयं मंगल हैं, और जब मंगल अशांत होते हैं, तो व्यक्ति के भीतर क्रोध का ज्वालामुखी फटने लगता है। मेष राशि वालों के लिए यह चार दिन ऐसे होंगे जहां उन्हें अपनी जुबान और जज्बात दोनों पर पत्थर बांधकर रखना होगा। बिना सोचे-समझे लिया गया एक छोटा सा फैसला उनके करियर की लंबी रेस में बाधा बन सकता है और रिश्तों में ऐसी कड़वाहट पैदा कर सकता है जिसकी भरपाई आने वाले कई महीनों तक नहीं हो पाएगी।

वहीं वृषभ और तुला राशि के लिए, जिनके स्वामी प्रेम और वैभव के कारक शुक्र हैं, यह समय किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। शुक्र जब मंगल की उग्रता के संपर्क में आते हैं, तो व्यक्ति की मानसिक शांति भंग हो जाती है। वृषभ राशि वालों के लिए विशेष चेतावनी यह है कि वे इस दौरान धन के लेन-देन से पूरी तरह बचें, क्योंकि मंगल की दृष्टि उनके संचित धन को अचानक खर्च की आग में झोंक सकती है। प्रेम संबंधों और दांपत्य जीवन में अनावश्यक संदेह की दीवार खड़ी हो सकती है, जिसे गिराना भविष्य में मुश्किल होगा। तुला राशि के जातक, जो हमेशा संतुलन की तलाश में रहते हैं, वे इस दौरान खुद को वैचारिक भंवर में फंसा हुआ पाएंगे। उनका मन अशांत रहेगा और कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ होने वाली मामूली बहस भी एक बड़े विवाद का रूप ले सकती है, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी आंच आ सकती है।

वृश्चिक राशि के लिए यह समय और भी संवेदनशील हो जाता है। मंगल के स्वामित्व वाली इस राशि में क्रोध और चिड़चिड़ापन इस कदर बढ़ सकता है कि वे अपने ही करीबियों को अपना दुश्मन समझने लगें। काम की अधिकता और मनचाहा परिणाम न मिलने की निराशा उन्हें अवसाद की ओर धकेल सकती है। ज्योतिषीय विश्लेषण यह संकेत देता है कि यह चार दिन किसी भी नए निवेश, वाहन की खरीदी या मांगलिक कार्यों की चर्चा के लिए बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं हैं। यह समय केवल आत्म-मंथन और शांति बनाए रखने का है। इस युति के दौरान ब्रह्मांड से निकलने वाली नकारात्मक तरंगें इंसान के विवेक को सुन्न कर देती हैं, जिससे वह गलत समय पर गलत निर्णय ले बैठता है। साल 2026 की यह पहली बड़ी खगोलीय घटना हमें यह सिखाती है कि प्रगति की दौड़ में शामिल होने से पहले अपनी मानसिक और आध्यात्मिक स्थिति को मजबूत करना अनिवार्य है। 6 से 10 जनवरी के बीच का यह कालखंड अनुशासन, मौन और धैर्य की मांग करता है। यदि प्रभावित राशियों के जातक इस दौरान संयम का परिचय देते हैं, तो वे ग्रहों के इस 'युद्ध' के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

दैनिक ब्रह्मास्त्र अपने पाठकों को यह सुझाव देता है कि वे इस दौरान किसी भी तरह के बड़े जोखिम से बचें और मां नर्मदा के तट पर बैठकर ध्यान व सुमिरन करें, ताकि ब्रह्मांडीय ऊर्जा का यह असंतुलन उनके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित न कर सके।

## खबर एक नजर...

### रेलवे ट्रेक से मृत मिले युवक की नहीं हुई पहचान

उज्जैन। ग्राम नईखेड़ी और रातडिया के बीच रेलवे ट्रेक से सोमवार देर शाम एक युवक की लाश क्षत-विक्षप्त हालत में भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बरामद की थी। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि उज्जैन से रतलाम जा रही साबरमती एक्सप्रेस से गिरने पर युवक की मौत होना सामने आया है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज और टिकट नहीं मिला है। मृतक की उम्र 40 से 45 साल के लगभग है। उसने आसमानी रंग की जींस, चाकेलटी रंग की जरकीन पहन रखी है। उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है। मंगलवार शाम तक कुछ पता नहीं चल पाया था। अगर बुधवार दोपहर तक परिजनों की जानकारी सामने नहीं आई तो शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया पूरी कर जायेगी। मृतक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना स्टेशन मास्टर की ओर से प्राप्त होने पर मर्ग कायम किया गया है।

### पंचायत भवन निर्माण कार्य को लेकर हुआ विवाद

उज्जैन। झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खरडिया मानपुर में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य को लेकर 2 पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। मामला मारपीट में बदला और लाठी-डंडे चल गये। एक पक्ष से हाकम पिता बालूसिंह सौंधिया ने शिकायत दर्ज कराई कि सरकारी जमीन पर पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपसरपंच कुशालसिंह से कहा कि यह जमीन गौचर के लिये रखी गई है। यहां पर निर्माण नहीं कर सकते। इसी बात पर कुशालसिंह ने गाली-गलौच करते हुए लाठियों से हमला किया है। वहीं दूसरे पक्ष से गोविंद पिता नारायणसिंह सौंधिया निवासी ग्राम कछालिया चांद ने शिकायत दर्ज कराई कि ग्राम पंचायत भवन खरडिया मानपुर के पास आरोपी हाकमसिंह ने कार्य के दौरान आकर बोला किया जमीन पंचायत भवन के लिये नहीं है। गांव के पंडित को खेती के लिये दी गई है। जमीन पंचायत भवन की होने बताई गई तो हाकमसिंह ने डंडे से मारपीट की है। झारड़ा थाना पुलिस के अनुसार मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों घायल हुये थे, जिनका मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### मारपीट से परेशान होकर लगाई थी युवक ने फांसी

उज्जैन। माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम नांदेड में 10 जुलाई 2025 को रामचरण पिता भैरूलाल मंडोर 28 साल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। इस दौरान परिवार और ग्रामीणों के बयान दर्ज किये। जिसमें सामने आया कि रामचरण के भाई जीवन की पत्नी अनिता को गांव में ही रहने वाला मौसेरा भाई भरत डेढ़ साल पहले भगाकर ले गया था। जिसके बाद से भाईयों के बीच विवाद होने लगा था। भरत अपने भाईयों देवराज और कमल के साथ रामचरण को बीच रास्ते में रोक मारपीट करता था। जिसके चलते वह तनाव में रहने लगा था। रामचरण के फांसी लगाने के बाद मौसेरे भाई भरत, कमल और देवराज गांव से भाग निकले थे। माकडोन पुलिस के अनुसार जांच के दौरान सामने आये तथ्यों के आधार पर रामचरण को आत्महत्या के लिये प्रेरित करने वाले भरत और उसके भाई की पत्नी रह चुकी अनिता के खिलाफ धारा 108, 115 (2), 296 (बी), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |

## देवास-उज्जैन मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक ने लगाया ब्रेक, पीछे से टकराई तूफान

# 3 दर्शनार्थियों की मौत, 5 घायलों का उपचार जारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देवास-उज्जैन मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। लोहे के पाइप से भरे ट्रक में पीछे से आ रही तूफान गाड़ी जा घुसी गई। घटनाक्रम में तीन युवकों की मौत हुई है। 5 घायलों का उपचार चल रहा है। सभी तेलंगाना के रहने वाले थे और धार्मिक यात्रा पर निकले थे।

नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि रात 3.30 के लगभग ग्राम चंदेसरी बायपास सर्विस रोड के पास महादेव सर्विस एंड वाशिंग सेंटर के सामने ट्रक और तूफान गाड़ी के बीच भीषण टक्कर होने की सूचना मिली थी। मौके पर तूफान गाड़ी क्रमांक के ए 36 एन 0688 लोहे के पाइप से भरे ट्रक क्रमांक डीडी 03 जी 9524 के पिछले हिस्से में बुरी तरह फंसी हुई थी। तूफान गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर बाहर निकाला गया और सभी को



अस्पताल पहुंचाया गया, मौके पर क्रेन बुलाई गई जिसकी मदद से तूफान को ट्रक से खींच कर बाहर किया गया। अस्पताल में सामने आया कि सड़क हादसे में नरसिम्हा पिता बालचंद्रप्पा 20 साल निवासी कादीपुर जिला मेहबूब नगर थाना चित्रा कुंथाकुंटा तेलंगाना और जगन्नाथ पिता वेंकटेश 26 साल निवासी डोंगरामपुर तहसील एवं जिला रायपुर कर्नाटक की मौत हो चुकी है। घायलों में केबी नरसिम्हा पिता नरसिम्हा 20 साल, शिवा कुमार पिता एलप्पा 25 साल, रामप्पा पिता बुटप्पा 45 साल, मलेश पिता नरसप्पा 30 साल, अरसिद पिता लक्ष्मण 11 साल और काशप्पा पिता चिन्ना रामुलु 20 साल घायल है। घायलों में शामिल शिव कुमार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। शिवकुमार की इंदौर एम व्हाय अस्पताल में कुछ देर बाद मौत हो गई। एएसआई द्वारिका प्रसाद के अनुसार मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा। उनके परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वही एक मृतक का पोस्टमार्टम इंदौर में होगा।

### हादसे में मृतक जगन्नाथ था ड्राइवर

सड़क हादसे के बाद तूफान गाड़ी में सवार केबी नरसिम्हा ने पुलिस को बताया कि तेलंगाना से 12 दोस्त धार्मिक यात्रा पर निकले थे। उन्होंने शिरडी और ओंकारेश्वर के दर्शन कर लिए थे। उज्जैन महाकाल दर्शन करने के बाद अयोध्या जाना था। गाड़ी जगन्नाथ चला रहा था। सामने चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए थे जिसके चलते उनकी गाड़ी पीछे से जाकर टकराई है। पुलिस ने मामले में नरसिम्हा की शिकायत पर दुर्घटना का मामला दर्ज किया है।

### इंगोरिया में टैंकर बाइक की भिड़ंत

इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ोतिया ब्रिज पर सोमवार-मंगलवार रात 12 बजे के बीच एसिड टैंकर और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार नितेश पिता अशोक पोरवाल २६ साल निवासी इंगोरिया की मौत हुई है। एएसआई दिनेश निनामा में बताया कि टैंकर को जप्त कर लिया गया है। जो सागर से चित्तौड़गढ़ की ओर जा रहा था। बाइक पर सवार मृतक बड़नगर मार्ग पर ग्राम चंदूखेड़ी में सोया एग्रो प्लांट में काम करता था जहां से ड्यूटी खत्म होने पर घर लौट रहा था। मंगलवार सुबह रोहतक का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## डायल 112 के आने से पहले चालक ने लगाई फांसी

### नशे में हंगामा करने पर भाई ने किया था कॉल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। रात में शराब पीकर रिक्शा चालक हंगामा कर रहा था, भाई ने डायल 112 को कॉल किया। पुलिस पहुंचती उससे पहले चालक ने फांसी लगा ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर नीचे उतारा।

गिरिराज रतन कॉलोनी में रहने वाला सुनील पिता मदनलाल मीणा ३५ साल ई-रिक्शा चालक था। रात में नशा कर घर लौटा और हंगामा करने लगा और पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गया। उसकी हरकतों से परेशान पत्नी कुछ दूरी पर रहने वाले जेठ किशोर मीणा के घर चली गई। पत्नी के जाने पर सुनील अपने भाई के घर भी पहुंच गया और चिल्ला पुकार मचाने लगा। भाई ने आए दिन की हरकतों के चलते डायल 112 पर कॉल कर दिया। सुनील को पता चला कि भाई ने पुलिस को बुला लिया है तो वह अपने



घर पहुंच गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। चिमनगंज थाने की डायल 112 गिरिराज रतन कॉलोनी पहुंची। किशोर मीणा ने अपने छोटे भाई का घर बताया। पुलिस ने दरवाजा खटखटाया तो सुनील ने नहीं खोला। काफी देर होने और अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। सुनील फंदे पर लटका हुआ था। उसे तत्काल चरक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार नशे की हालत में सुनील ने फांसी लगाई है। पत्नी और भाई के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## कार्तिक मेला ग्राउंड पर कंजर-पारदी समुदाय में पत्थरबाजी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षिप्रा नदी किनारे कार्तिक मेला ग्राउंड में मंगलवार शाम पारदी-कंजर समुदाय के साथ सांठिया समाज के युवकों में विवाद हो गया। कुछ देर में मामला पत्थरबाजी और लट्ठबाजी में बदल गया। पथराव की खबर मिलते ही महाकाल थाना पुलिस का बल मौके पर पहुंचा। सभी को खदेड़ा गया और ग्राउंड पर बने डेरों को खाली कराया गया।

कार्तिक मेला ग्राउंड और आसपास कंजर-पारदी के साथ सांठिया समुदाय के लोगों ने अपने डेरे जमा रखे है। शाम को कुछ युवक मेला ग्राउंड में बैठकर शराब पी रहे थे। जिनके बीच समुदाय में हुई शादी की बात को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक ओर से लाठियां निकल आई, दूसरी ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। कुछ देर में माहौल अफरा-तफरी में बदल गया। मेलाग्राउंड में पथराव की खबर मिलते ही महाकाल थाना सीएसपी राहुल



देशमुख, प्रभारी गगन बादल, पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। अतिरिक्त पुलिस बल भी बुला लिया गया। विवाद करने वालों का खदेड़ा गया, इस दौरान सामने आया कि ईश्वर पिता कचरू 70 साल, काला पिता प्रहलाद 18 साल और करण पिता मोहनलाल 27 साल को पत्थरबाजी और लट्ठबाजी में चोंट लगी है। जिन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। सीएसपी देशमुख ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घायलों के बयान दर्ज किये जायेगें। जिसके आधार पर प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना की जायेगी।

**विवाद के बाद ग्राउंड से हटाये गये डेरे-** कार्तिक मेला ग्राउंड में कंजर-पारदी और सांठिया समुदाय के लोगों ने अपने डेरे लगा रखे है। समुदाय के लोगों द्वारा कंठी-माला, खिलौने बेचने के साथ बडे धार्मिक आयोजनों के दौरान पर्स, मोबाइल चोरी की वारदातों को भी अंजाम दिया जाता है। शाम को हुए विवाद के बाद पुलिस ने मेला ग्राउंड और आसपास बने समुदायों के डेरों को खाली कराया। पूर्व में भी कई बार पुलिस डेरे हटा चुकी है, लेकिन पुलिस के अपने कार्यों में व्यस्त होने पर समुदाय फिर से अपने डेरे जमा लेता है।

## साल 2026 में पुलिसिंग को मजबूत करने के निर्देश

# कप्तान ने बुलाई बैठक, 12 जनवरी को पुनः करेंगे समीक्षा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

साल 2026 की पहली अपराध समीक्षा बैठक मंगलवार को पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा द्वारा आयोजित की गई। नये वर्ष में जनसहयोग से पुलिसिंग को मजबूत करने के निर्देश दिये गये। वहीं 12जनवरी को पुनः निर्देशों की समीक्षा करने की बात कहीं।

जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोलरूम पर पुलिस कप्तान ने समीक्षा एवं रणनीतिक बैठक



आयोजित की। बैठक में जिले के समस्त एएसपी, सीएसपी, डीएसपी और थाना प्रभारी शामिल हुए। ग्रामीण थाना प्रभारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए। कप्तान ने साल 2026 में पुलिसिंग को जनसहयोग से मजबूत करने के निर्देश जारी करते हुए संवेदनशील अपराधों में त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की बात कहीं। पेट्रोलिंग के साथ रात्रि गश्त का प्रभावी बनाने के साथ ही पिछले कुछ वर्षो में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े आरोपियों की जानकारी एकत्रित कर सख्त नियंत्रण के निर्देश जारी किये। कप्तान ने सभी से सर्तक, सक्रिय और जवाबदेह रहकर जिले को सुरक्षित, शांतिपूर्ण के साथ अपराध मुक्त बनाये रखने के लिये प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### 4 की प्रशंसा, 3 थानों को फटकार

बैठक के दौरान पिछले वर्षो में दर्ज अपराधों की समीक्षा की गई। जिसमें लम्बित अपराधों को लेकर कप्तान ने माधवनगर, नीलगंगा और चिमनगंज थाने की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। तीनों थाने अपराधों का निकाल करने में पीछे रहे। अपराधों का निराकरण और व्यवस्था को बनाये रखने पर नागझिरी, बड़नगर, भाटपचलाना और नागदा थाना प्रभारियों की प्रशंसा की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com